


# तरुण छत्तीसगढ़

e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com
कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026

वर्ष 36 अंक 23 | कोरबा, बुधवार, दिनांक 23 अक्टूबर 2024 डाक 24 अक्टूबर 2024 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए




**विविधा**
प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का रूस के कज़ान शहर में आगमन पर तातारस्तान गणराज्य के प्रमुख रुस्तम मिन्निखानोव द्वारा गर्मजोशी से स्वागत किया गया



**देश-विदेश**
भारतीय तीर्थयात्रियों को फायदा, श्री करतारपुर साहिब कॉरिडोर पर 5 वर्ष बढ़ा भारत-पाक समझौता




**फीचर पेज**
माइग्रेन में कौन सी चीजें नहीं खानी चाहिए? अटैक से बचने के लिए ये डाइट करें फॉलो



## एआईएडीएमके के पूर्व मंत्री के परिसर पर ईडी का छापा

### मनी लॉन्ड्रिंग मामले की जांच के तहत की कई कार्रवाई



**चेन्नई 23 अक्टूबर।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले की जांच के तहत बुधवार को एआईएडीएमके के पूर्व मंत्री वैथियलिंगम समेत कई अन्य के परिसर पर छापेमारी की। यह छापेमारी चेन्नई समेत चार अलग-अलग शहरों में की गई। वैथियलिंगम को पूर्व मुख्यमंत्री पनीरसेल्वम का करीबी माना जाता है। ईडी की यह जांच तमिलनाडु आवास विकास मंत्री के रूप में वैथियलिंगम के कार्यकाल के दौरान चेन्नई मेट्रोपॉलिटन विकास प्राधिकरण के कार्यों के लिए मंजूरी देने में कथित लेन-देन से संबंधित है।

उन्हें 2022 में पूर्व सीएम एडाप्पडी के. पलानीस्वामी के नेतृत्व में परीनसेल्वम के साथ पार्टी से निष्काशित कर दिया गया था। सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक निदेशालय (डीवीएसी) ने पिछले महीने वैथियलिंगम और उनके बड़े बेटे वी. प्रभु के खिलाफ भ्रष्टाचार में शामिल होने के आरोप में मामला दर्ज किया था।

## मैं सिर्फ एक अजित दादा को जानती हूं, जिन्हें दिल्ली जाना पसंद नहीं, सुप्रिया सुले ने कसा तंज

**मुंबई, 23 अक्टूबर [एजेंसी]।**

महाराष्ट्र, में चुनाव तारीख का ऐलान हो चुका है और मतदान में अब सिर्फ करीब एक महीने का वक्त बचा है, लेकिन अभी तक महाराष्ट्र के दोनों गठबंधनों में सीटों के बंटवारे का आधिकारिक एलान नहीं हुआ है। सीटों के बंटवारे के लिए महायुति गठबंधन के नेता भाजपा नेतृत्व से चर्चा के लिए दिल्ली का दौरा कर रहे हैं। एनसीपी प्रमुख अजित पवार के बार-बार दिल्ली जाने पर अब उनकी चचेरी बहन और सांसद सुप्रिया सुले ने तंज कसा है। अजित पवार अपनी पार्टी के नेता प्रफुल्ल पटेल के साथ भी दिल्ली दौरे पर थे। दरअसल सुप्रिया सुले बारामती के दौरे पर हैं, इस दौरान उनसे अजित पवार के बार-बार दिल्ली जाने को लेकर सवाल किया गया था। इस पर सुले ने



कहा कि मुझे सिर्फ एक अजित दादा याद हैं, जिन्हें दिल्ली जाना पसंद नहीं था। मुझे नहीं पता कि वे दिल्ली क्यों गए, क्योंकि मैं महीनों से उनसे संपर्क में नहीं हूं और मैं यह जवाब नहीं दे पाऊंगी कि वे दिल्ली क्यों गए। अजित पवार ने कहा कि सत्तारूढ़ महायुति गठबंधन ने राज्य विधानसभा चुनाव के लिए सीट बंटवारे के सौदे को अंतिम रूप दे दिया है।

मुंबई में भाजपा और शिवसेना के नेताओं के बीच बैठक हुई, जिसमें अजित पवार और उनकी पार्टी का कोई नेता मौजूद नहीं था। जब इसे लेकर सवाल किया गया तो अजित पवार ने कहा कि, भाजपा और शिवसेना के बीच कुछ सीटों पर निर्णय लिया जाना है, ऐसे में मेरे बैठक में शामिल होने का कोई कारण नहीं था। सत्तारूढ़ गठबंधन के किसी भी नेता ने अभी तक सीट बंटवारे को लेकर आधिकारिक एलान नहीं किया है, लेकिन मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, राज्य की 288 विधानसभा सीटों में से भाजपा 156 सीटों पर चुनाव लड़ सकती है, जबकि शिवसेना 78 सीटों पर लड़ सकती है और एनसीपी को चुनाव लड़ने के लिए 54 सीटें मिल सकती हैं।

### सरकार की रेवड़ी योजनाओं के खिलाफ याचिका देने वाले शख्स की सुरक्षा पर हो फैसला, पुलिस आयुक्त से हाईकोर्ट

**मुंबई, 23 अक्टूबर।**

बॉम्बे हाईकोर्ट की नागपुर पीठ ने शहर के पुलिस आयुक्त को निर्देश दिया है कि वह कार्यकर्ता को सुरक्षा देने पर फैसला करे। दरअसल, यह कार्यकर्ता वही शख्स है, जिसने लड़की बहिन योजना सहित महाराष्ट्र सरकार की अनियमित रेबड़ी के खिलाफ याचिका दायर की थी। न्यायमूर्ति विनय जोशी और न्यायमूर्ति अभय मंत्री की खंडपीठ ने मंगलवार को कहा कि प्रत्येक नागरिक के जीवन और स्वतंत्रता की रक्षा करना राज्य का कर्तव्य है। पीठ ने नागपुर के पुलिस आयुक्त को निर्देश दिया कि वह सामाजिक कार्यकर्ता अनिल वडपल्लीवार की उन अर्जियों पर तेजी से फैसला करें, जिनमें पुलिस सुरक्षा की मांग की गई है।

## चक्रवाती तूफान दाना का असर, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ से गुजरने वाली कई ट्रेनें रद

**ग्वालियर, 23 अक्टूबर [एजेंसी]।**



ओडिशा और पश्चिम बंगाल में चक्रवाती तूफान दाना को देखते हुए पूर्व मध्य रेलवे ने भुवनेश्वर, पुरी, विशाखापट्टनम की ओर से आने वाली कई ट्रेनों को रद करने का निर्णय लिया है। इनमें से कई ट्रेनें ग्वालियर से होकर गुजरती हैं। तूफान का असर 23 से 25 अक्टूबर के बीच विशेष रूप से रहने की संभावना है। ऐसे में यात्रियों की सुरक्षा को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है। इसी तरह दाना के चलते रेलवे ने छत्तीसगढ़ में 15 ट्रेनों को रद कर दिया है। छत्तीसगढ़ ओडिशा से सटा हुआ राज्य है। लिहाजा यहां भी मौसम में बदलाव देखने को मिल सकता है। इस लिहाज से परिवहन सेवाओं पर भी असर पड़ा।

छत्तीसगढ़ में दाना चक्रवाती तूफान को लेकर रेलवे विभाग अलर्ट पर है। इसी वजह से कुछ तिथियों में ट्रेनों को रद करने का निर्णय लिया गया है। यह निर्णय यात्रियों की सुरक्षा को लेकर है। हालांकि ट्रेनें रद रहने से यात्रियों पर सबसे ज्यादा असर पड़ेगा। दीपावली पर्व पर यात्रियों ने बड़ी संख्या में रिजर्वेशन कराया है, ताकि पर्व पर घर जा सके। लेकिन, रेलवे के रद के निर्णय की वजह से उन्हें घर पहुंचने में परेशानी आएगी।

### फ्लोरिडा में भीषण तूफान ने रोका आईएसएस से सुनीता विलियम्स की वापसी का रास्ता, नासा क्रु-8 मिशन में देरी

**नईदिल्ली, 23 अक्टूबर।**

सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर को आईएसएस से धरती पर लाने के लिए नासा और स्पेसएक्स द्वारा चलाए जा रहे स्पेस क्रु-8 मिशन की धरती पर वापसी टल गई है। इस मिशन की धरती पर वापसी के बाद स्पेस क्रु-9 मिशन चलाया जाएगा। अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने मंगलवार को कहा कि फ्लोरिडा में भीषण तूफान के कारण मिशन की वापसी बुधवार तक टल गई है।

## दिल्ली के किशनगढ़ में फ्लैट में लगी भीषण आग, एक की मौत, तीन झुलसे



**नईदिल्ली, 23 अक्टूबर [एजेंसी]।**

देश की राजधानी दिल्ली में एक फ्लैट में भीषण आग लगने से बड़ा हादसा हो गया। किशनगढ़ इलाके में लगी भीषण आग में एक व्यक्ति की मौत हो गई है, जबकि तीन लोग झुलसे हैं। सभी को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार, किशनगढ़ के नंद लाल भवन में दो कमरों वाले फ्लैट में लगी आग में एक व्यक्ति की मौत हो गई। मौके पर दो दमकल गाड़ियां और तीन पीसीआर वैन पहुंची हैं। सभी एजेंसियों के संयुक्त प्रयास से आग पर काबू पाया गया। किशनगढ़ में आग लगने की घटना की जानकारी तड़के 3.27 बजे पुलिस को मिली। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। दिल्ली के किशनगढ़ में नंद लाल भवन की चौथी मंजिल पर दो कमरों वाले फ्लैट नंबर डी-3 में आग लग रही थी। दो फायर टेंडर और तीन पीसीआर वैन मौके पर पहुंची। आग पर काबू पा लिया गया है। घरेलू सामान जल गए हैं। एक महिला सहित कुल चार घायल व्यक्तियों को अस्पताल ले जाया गया। एक को सांस लेने में भी तकलीफ हो रही थी। पूछताछ करने पर पता चला कि लक्ष्मी एस. मंडल का पांच सदस्यीय परिवार इस फ्लैट में किराए पर रह रहा है। शुरुआत में यह संदेह था कि एलपीजी सिलिंडर में रिसाव के कारण आग लगी थी, लेकिन एलपीजी सिलिंडर सुरक्षित मिला है। आग लगने का कारण अभी पता नहीं चल पाया है।

### भूमि विवाद में बुजुर्ग की हत्या, पत्नी गंभीर बसपा सुप्रीमो मायावती ने जताया दुख

**चुनार।** उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर जिले में एक दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है। यहां धौहा गांव में मंगलवार को जमीन के विवाद में दो पक्षों में हुई मारपीट में घायल 70 वर्षीय राम अचल की उपचार के दौरान मंडलीय अस्पताल में मौत हो गई। वहीं, मृतक की 65 वर्षीय पत्नी किशमिशा देवी घायल हैं, उन्हें बीएचयू ट्रामा सेंटर में भर्ती किया गया है। बसपा सुप्रीमों मायावती ने इस मामले पर सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट कर दुख जताया है। उन्होंने लिखा कि यूपी के मिर्जापुर जिला के ग्राम धवहा, थाना चुनार में दबंगों द्वारा एक दलित परिवार के साथ की गई मारपीट में एक व्यक्ति की मौत तथा कई लोगों के गंभीर रूप से घायल होने की घटना अति-दुःखद व निन्दनीय। सरकार दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई तथा पीड़ित परिवार की पूरी मदद भी करे।

## बेअदबी के आरोपों पर डेरा सच्चा सौदा ने तोड़ी चुप्पी, कहा- साजिश में फंसाया जा रहा, स्वतंत्र एजेंसी से कराएं जांच

**चंडीगढ़।** डेरा सच्चा सौदा सिरसा ने पवित्र श्री गुरुग्रंथ साहिब जी की बेअदबी की स्वतंत्र एजेंसी से जांच की मांग की है।डेरा प्रमुख गुरमीत सिंह पर लगाए गए श्री गुरुग्रंथ साहिब जी की बेअदबी के आरोपों पर डेरे ने चुप्पी तोड़ी है। डेरे की ओर से कहा गया है कि डेरा प्रमुख पर लगाए गए बेअदबी के समस्त आरोप बेबुनियाद और झूठे हैं। डेरा सच्चा सौदा सिरसा के प्रवक्ता जितेंद्र खुराना एडवोकेट ने मंगलवार को चंडीगढ़ में कहा कि श्री गुरुग्रंथ साहिब जी की बेअदबी करने में डेरा सच्चा सौदा अथवा डेरा प्रमुख गुरमीत सिंह का कोई हाथ नहीं है।



केवल साजिशवश डेरा प्रमुख को इस केस में फंसाने का काम किया जा रहा है। डेरा प्रमुख ने हमेशा ही सभी धर्मों का आदर सत्कार किया है। बेअदबी करना तो दूर, ऐसी कल्पना भी कभी डेरा सच्चा सौदा के किसी भी सदस्य अथवा डेरा प्रमुख द्वारा नहीं की गई है। जितेंद्र खुराना एडवोकेट ने कहा कि श्री गुरुग्रंथ साहिब जी के पवित्र अंगों की जो बेअदबी हुई है, उसकी डेरा सच्चा सौदा कड़े शब्दों में निंदा करता है और मांग करता है कि इसकी निष्पक्ष जांच होकर असली दोषियों को सामने लाया जाए तथा उनके विरुद्ध कड़ी से कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि डेरा प्रमुख को साजिश में फंसाना उचित नहीं है।




## रॉ अधिकारी को बलि का बकरा बनाया गया, पन्नू की हत्या की साजिश में अमेरिकी आरोपों पर वकीलों का दावा



**नईदिल्ली, 23 अक्टूबर।**

खालिस्तान समर्थक आतंकवादी गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की साजिश में अमेरिका के आरोपों की पोल खुल गई है। अमेरिका ने आरोप लगाया है कि पूर्व रॉ अधिकारी विकास यादव पन्नू को मारने की साजिश में शामिल थे, लेकिन अब उनके वकीलों ने बड़ा दावा किया है। वकीलों के अनुसार, विकास यादव को अंतरराष्ट्रीय राजनीति में बलि का बकरा बनाया जा रहा है। यादव के वकील आरके हांडू और आदित्य चौधरी ने कहा कि उनके खिलाफ लगाए गए सभी आरोप झूठे हैं और उन्हें अंतरराष्ट्रीय राजनीति में बलि का बकरा बनाया जा रहा है। अमेरिकी न्याय विभाग ने आरोप लगाया है कि पूर्व भारतीय खुफिया अधिकारी पन्नू की हत्या की असफल साजिश में शामिल थे।

### ग्रेटर नोएडा में फॉर्च्यूनर कार में लगी आग एक युवक की दर्दनाक मौत, जंगल में मिली

**ग्रेटर नोएडा।** कोतवाली दादरी क्षेत्र के जीटी रोड से नंगला नैनसुख गांव की तरफ जाने वाले रास्ते के पास फॉर्च्यूनर कार में आग लगने से एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। जंगल में फॉर्च्यूनर कार मिली। कार में आग लगाकर युवक की हत्या करने की आशंका है। फिलहाल, पुलिस जांच में जुट गई है। मिली जानकारी के मुताबिक, बीती रात थाना दादरी क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम नगला नैनसुख के पास एक फॉर्च्यूनर कार जली हुई मिली है। कार के अंदर एक युवक मृत अवस्था में मिला है। जिसकी पहचान संजय यादव निवासी नेहरू नगर, गाजियाबाद के रूप में हुई है।

### वायनाड लोकसभा उपचुनाव के लिए नामांकन दाखिल करने रवाना हुई प्रियंका, रोड शो में राहुल गांधी भी साथ



**वायनाड, 23 अक्टूबर [एजेंसी]।**

कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा ने आज वायनाड लोकसभा उपचुनाव के लिए अपना नामांकन का पर्चा भरा। इस दौरान उसके साथ स्थानीय नेता भी मौजूद रहे। पर्चा भरने के बाद उन्होंने एक रोड-शो किया। इस रोड-शो में कांग्रेस सांसद राहुल गांधी में मौजूद हैं। वायनाड लोकसभा उपचुनाव के लिए जहां कांग्रेस ने प्रियंका गांधी वाड्रा को चुनावी मैदान में उतारा है तो वहीं भाजपा ने नव्या हरिदास को उम्मीदवार बनाया। नव्या ने पहले ही कांग्रेस को कड़े मुकाबले की चुनौती दे चुकी हैं। उन्होंने कहा था कि आगामी उपचुनाव में प्रियंका गांधी को कड़ी प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ेगा।









# सुनालिया पुल में अंडरपास निर्माण हेतु लोगों के व्यवस्थापन के लिए डीएमएफ से 3 करोड़ से अधिक राशि की दी गई स्वीकृति



**कोरबा।** कलेक्टर श्री अजीत वसंत की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय सीमा की बैठक आयोजित हुई। उन्होंने जिले में स्वीकृत महत्वपूर्ण विकास कार्यों एवं जनहितकारी गतिविधियों की विस्तृत समीक्षा की और संबंधित विभागों से कार्य में प्रगति लाने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने शहर के प्रमुख स्थान सुनालिया नहर पुल मुख्य मार्ग पर बनने वाले वाई शेप अंडरपास के कार्य प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने बताया कि सुनालिया नहर पुल के आस पास निवासरत लोगों के व्यवस्थापन हेतु प्रशासन द्वारा जिला खनिज संस्थान न्यास मद से 3 करोड़ 30 लाख की राशि स्वीकृत की गई है। साथ ही लोगों के परिसम्पत्ति निर्धारण का मूल्यांकन कार्य पूर्ण कर लिया गया है। इसलिए लोगों को स्थानांतरित का कार्य तेजी से पूर्ण करे। कलेक्टर ने कहा कि सुनालिया रेल्वे क्रासिंग शहर के यातायात का महत्वपूर्ण स्थान है, जहां रेलवे क्रॉसिंग के बंद हो जाने से शहर में वाहनों के जाम की स्थिति निर्मित हो जाती है। शहर में आवागमन की सुगमता के लिए सुनालिया पुल अंडरपास का कार्य तेजी से कराना आवश्यक है। कलेक्टर ने एसडीएम कोरबा को आगामी 15 दिवस के अंदर लोगों को मुआवजा वितरित कर स्थानांतरित करने के निर्देश दिए। जिससे निर्माण कार्य शीघ्रता से प्रारंभ किया जा सके।विभागों को पुराने वाहनों के स्क्रैप हेतु समयावधि में पोर्टल में वाहनों की एंट्री करने के दिए निर्देश -

कलेक्टर ने 15 साल पुरानी सरकारी वाहनों के स्क्रैप प्रक्रिया की समीक्षा करते हुए सभी विभाग प्रमुखों को निर्धारित समयावधि में एमएसटीसी पोर्टल में आईडी बनाकर ऐसे वाहनों की एंट्री कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। जिससे समय पर ऐसे वाहनों की नीलामी पूर्ण हो सके। उन्होंने खाद्य अधिकारी को ग्रामीण क्षेत्रों में खाद्यान्न वितरण में मिलने वाली अनियमितता की शिकायत पर तत्काल जांच कर गंभीरता से कार्यवाही करने के निर्देश दिए। साथ ही राशन वितरण में लापरवाही बरतने वाले उचित मूल्य दुकान संचालकों पर दंडात्मक कार्यवाही करने की बात कही। उन्होंने विभागों में अनुकंपा नियुक्ति के लंबित प्रकरणों पर शीघ्रता से कार्य करते हुए स्वीकृत पदों पर नियुक्ति प्रदान करने के निर्देश दिए। साथ ही विभिन्न विभागों के निलंबित कर्मचारियों की विभागीय जांच भी समय में पूर्ण करने के लिए कहा। जिस पर कर्मचारी के संबंध में उचित कार्यवाही की जा सके।

कलेक्टर ने सभी जनपद सीईओ को ग्रामीण क्षेत्रों में वित्तीय जागरूकता के लिए विशेष प्रयास करने के निर्देश दिए। जिससे ग्रामीण साइबर क्राइम अंतर्गत ऑनलाइन ठगी, फर्जी कॉल, लॉटरी, इनाम जैसे धोखाधड़ी से सचेत हो सकें। इस हेतु ग्रामीण क्षेत्रों में आयोजित होने वाले शिविरों में लोगों को जागरूक करने हेतु निर्देशित किया।

समय सीमा की बैठक में कलेक्टर ने कहा कि जिले के सभी शासकीय विद्यालयों, आंगनबाड़ी एवं आश्रम छात्रावासां में भोजन तैयार करने हेतु डीएमएफ से गैस सिलेण्डर एवं रिफलिंग की व्यवस्था कराई गई है। आगामी माह से इन संस्थाओं में जलावन हेतु गैस का ही उपयोग सुनिश्चित किया जाए। सभी अधिकारी इस बात का विशेष ध्यान रखें। उन्होंने सभी एसडीएम को अनुविभाग स्तर पर गैस एजेंसियों की बैठक लेकर संभावित समस्याओं पर चर्चा कर समाधान हेतु आवश्यक तैयारियां पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया। साथ ही संबंधित विभागों को विभागीय समन्वय स्थापित कर योजना को सुगमता पूर्वक लागू कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कोरबा शहरी एवं पोड़ी-उपरोड़ा के शासकीय विद्यालयों में संचालित नाश्ता वितरण योजना का आगामी 04 नवंबर से जिले के कटघोरा, पाली, करतला और कोरबा ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यालयों में स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में योजना प्रारंभ करने के निर्देश दिए। इस हेतु अधिकारियों को आवश्यक तैयारियां पूर्ण करने के लिए कहा।

कलेक्टर ने शिक्षा विभाग एवं आदिम जाति कल्याण विभाग अंतर्गत संचालित आश्रम-छात्रावासों में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के रिक्त पदों की संस्थावार सूची उपलब्ध कराने के लिए कहा। जिससे इन संस्थाओं में पीवीटीजी वर्ग के पात्र युवाओं की नियुक्ति की जा सके। उन्होंने सीएमएचओ को डीएमएफ अंतर्गत विशेषज्ञ चिकित्सकों की नियुक्ति कार्य शीघ्रता से पूर्ण करने एवं आवश्यकता वाले स्वास्थ्य केंद्रों में पोस्टमार्टम कक्ष निर्माण के लिए प्रस्ताव प्रस्तुत करने के लिए कहा।

## पीवीटीजी को योजनाओं से करें लाभान्वित, पीएम जनमन आवास को गंभीरता से कराएं पूर्ण -

पीएम जनमन योजना अंतर्गत विशेष पिछड़ी जनजाति परिवारों को वनाधिकार पत्र, बैंक खाता, आयुष्मान, पीएम किसान निधि, किसान क्रेडिट कार्ड, राशन कार्ड, आधार कार्ड सहित अन्य महत्वपूर्ण योजनाओं से प्राथमिकता से लाभान्वित करने के निर्देश दिए। पीएम जनमन आवास निर्माण कार्य के अद्यतन स्थिति की जानकारी लेते हुए उन्होंने पीवीटीजी लोगों के आवास निर्माण कार्य को प्राथमिकता से लेते हुए विशेष ध्यान देने एवं यथाशीघ्र पूर्ण कराने हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने जिले में आयुष्मान कार्ड निर्माण कार्य की समीक्षा करते हुए नगरीय निकाय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में शत प्रतिशत लोगों का आयुष्मान कार्ड बनाने हेतु निर्देशित किया। इस हेतु स्कूल, आंगनबाड़ी केंद्रों के बच्चों का आयुष्मान कार्ड बनाने एवं जनपदों के बड़े ग्राम पंचायतों में शिविर लगाकर वंचित लोगों का आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए कहा। उन्होंने सभी एसडीएम को निर्देशित किया कि स्कूली विद्यार्थियों के जाति प्रमाण पत्र बनाने के कार्यों में प्रगति लाएं। उन्होंने शासकीय कार्यों के लिए दी गई राशि का गबन करने वाले सरपंचों से वसूली कार्य में तेजी लाने के निर्देश एसडीएम को दिए। साथ ही निरस्त कार्यों की राशि भी वापस लेने हेतु निर्देशित किया। कलेक्टर ने जिले में लगाए गए जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविरों में प्राप्त हुए आम नागरिकों की महत्वपूर्ण मांगों एवं समस्याओं के निराकरण में भी प्रगति लाने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने बैठक में बाजार शेड निर्माण, हॉस्टल तक पहुंच मार्ग, वृद्धाश्रम, पीएम जनमन, विद्युत विहीन ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत व्यवस्था, सामुदायिक भवन सह ऑफिस कार्यालय, प्रधानमंत्री आवास योजना, आवास मित्रों की भर्ती प्रक्रिया, पेंशन एवं आधार सीडिंग, आंगनबाड़ी केंद्रों में रिक्त पदों पर भर्ती सहित अन्य बिंदुओं पर चर्चा की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। साथ ही विभागवार लंबित टीएल प्रकरणों की विस्तृत समीक्षा करते हुए प्रकरणों को शीघ्रता से निराकृत करने हेतु निर्देशित किया। बैठक में प्रभारी जिला पंचायत सीईओ व निगम आयुक्त श्रीमती प्रतिष्ठा ममगाई, डीएफओ कोरबा श्री अरविंद पीएम व डीएफओ कटघोरा श्री कुमार निशांत, अपर कलेक्टर श्री दिनेश नाग व श्री अनुपम तिवारी, सभी एसडीएम, जनपद सीईओ सहित सभी विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

## 4 नवंबर से जिले के भी सहकारी समिति कर्मचारी संघ रहेंगे हड़ताल में,मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**कोरबा।** भैसमा छत्तीसगढ़ सहकारी समिति कर्मचारी संघ रायपुर पंजीयन क्रमांक 6685 महासंघ के आह्वान पर जिले के भी सहकारी समिति कर्मचारी संघ अपनी लंबित तीन सूत्री मांगों की पूर्ति हेतु 4 नवंबर से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने वाले हैं आज सहकारी कर्मचारी संघ कोरबा के द्वारा मुख्यमंत्री के नाम से कलेक्टर महोदय को ज्ञापन सौंपा गया। अपने ज्ञापन में इन्होंने मांग की है कि उनकी जो लंबित तीन सूत्री मांगे हैं को शासन शीघ्र पूरा करें तीन सूत्री मांगों में प्रमुख है-= प्रत्येक समिति को तीन-तीन लाख रुपये प्रबंधकीय अनुदान जो मध्य प्रदेश शासन द्वारा लागू कर दिया गया है और वहां के प्रत्येक समिति को तीन-तीन लाख रुपये प्रबंधकीय अनुदान दिया जा रहा है उसी प्रकार छत्तीसगढ़ के भी सभी सहकारी समितियां को तीन-तीन लाख रुपये प्रबंधकीय अनुदान दिया जाए। दूसरा सेवन नियम 2018 में संशोधन कर पुनरीक्षित वेतनमान लागू करने। तीसरा धान खरीदी में सुखत मान्य करते हुए सुरक्षा प्रासंगिक प्रशासनिक व्यय एवं कमीशन की राशि को चार गुना बढ़ोतरी किया जाए। इन्हीं मांगों की पूर्ति हेतु जिले के सहकारी समितियां 21 एवं 22 अक्टूबर को सामूहिक अवकाश लेकर आज कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा गया, ज्ञापन सौंपने के समय संघ के जिला अध्यक्ष विनोद भट्ट ,सचिव तुलेश्वर कौशिक संघ के पदाधिकारी वेद प्रकाश वैष्णव, अरुण ईजवा, अशोक दुबे ,आनंद कौशिक ,चंद्रशेखर केवट, दुलीचंद धीवर ,कांति देवांगन उपस्थित रहे।

# सिंचाई कॉलोनी दर्री के छात्र-छात्राओं को बाल अपराधों के संबंध में दी गई जानकारी



**कोरबा ।** बाल विवाह मुक्त छतीसगढ व बाल हितैशी राज्य बनाने हेतु राज्य से प्राप्त निर्देशों के पालन में कलेक्टर सह अध्यक्ष बालक कल्याण एवं संरक्षण समिति कोरबा के निर्देशानुसार श्रीमती रेणु प्रकाश, जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग कोरबा के मार्गदर्शन में शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय सिंचाई कॉलोनी दर्री के छात्र छात्राओं को एक युद्ध नशे के विरुद्ध अभियान तथा चाइल्ड हेल्प लाइन 1098 में बच्चो के शोषण, अधिकारों के हनन के संबंध किशोर न्याय अधिनियम, पाक्सो एक्ट, बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, बाल अपराधों की जानकारी प्रदान की गई।

गौरतलब है कि बाल विवाह एक सामाजिक कुप्रथा के साथ ही साथ कानूनन अपराध है। 18 वर्ष के पूर्व लड़की तथा 21 वर्ष के पूर्व लड़के का विवाह करना बाल विवाह की श्रेणी में आता है। बडे पैमाने पर कतिपय क्षेत्रों में बाल विवाह की घटनाएं देखने में आती है। बाल विवाह जैसी घटनाओं की समय पर रोकथाम हेतु शासन द्वारा समय समय पर निर्देश जारी किए गए हैं। उपरोक्त निर्देशों के पालन में कलेक्टर श्री अजीत वसंत के निर्देशानुसार जिले में बाल विवाह की रोकथाम हेतु महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा सभी गणमान्य नागरिकों, समाज प्रमुखों, धार्मिक व वैवाहिक अनुष्ठान को संपन्न कराने वाले धार्मिक सेवा प्रदाता, टेंट हाउस, डीजे बैंड बाजा, प्रिंटिंग प्रेस संचालकों तथा आमजनों से बिना आयु प्रमाण पत्र के वैवाहिक कार्यक्रम में सेवाएं प्रदान नहीं करने की अपील की गई है।

बाल विवाह पर प्रभावी रोकथाम के लिए सभी अपना सहयोग प्रदान करें, जिससे जिले में बाल विवाह जैसी कुप्रथा को समाप्त किया जा सके और जिले में बच्चां के देखरख एवं संरक्षण को सुनिश्चित किया जा सके। उपरोक्त अपील साथ ही जिले में बाल विवाह जैसी घटनाएं घटित न हो इस हेतु जिला स्तर तथा विकासखण्ड व परियोजना स्तर पर टीम निरंतर सतर्क रहती है।

जिले में बच्चों की देखरेख एवं संरक्षण को ध्यान में रखते हुए राज्य को बाल विवाह मुक्त छतीसगढ बनाने तथा बाल सुलभ राज्य बनाने हेतु जिला बाल संरक्षण इकाई, महिला बाल विकास विभाग, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 यूनिट, एकीकृत बाल विकास परियोजना की संयुक्त टीम द्वारा जिले में संचालित शैक्षणिक संस्था, शासकीय, अशासकीय विद्यालयों में बच्चों को बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, किशोर न्याय (बालकों की देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम, लैंगिक अपराधां से बालको का संरक्षण अधिनियम तथा बच्चों के देखरेख एवं संरक्षण संबंधित विभिन्न विषयों पर निरंतर जानकारी प्रदान की जा रही है। जन जागरूकता की इसी कड़ी में जिला बाल संरक्षण इकाई, महिला बाल विकास विभाग द्वारा शासकीय माध्यमिक विद्यालय दर्री में अध्ययनरत् बच्चों को आवश्यक जानकारी प्रदान की गई। आयोजित उपरोक्त जनजागरूकता कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला बाल संरक्षण अधिकारी श्री दया दास महंत, आउटरीच वर्कर श्री सूरज देवांगन, चाईल्ड लाइन टीम से गणेश जायसवाल, गोपाल यादव व स्कूल के अध्यापकगण उपस्थित रहे।

# विद्यार्थियों ने जाना लोकतांत्रिक चुनाव की प्रक्रिया को

**कोरबा।** चुनाव या निर्वाचन, लोकतंत्र का एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया है जिसके द्वारा जनता (लोग) अपने प्रतिनिधियों को चुनती है। चुनाव के द्वारा ही आधुनिक लोकतंत्रों के लोग विधायिका (और कभी-कभी न्यायपालिका एवं कार्यपालिका) के विभिन्न पदों पर आसीन होने के लिये व्यक्तियों को चुनते हैं। चुनाव के द्वारा ही क्षेत्रीय एवं स्थानीय निकायों के लिये भी व्यक्तियों का चुनाव होता है। वस्तुतः चुनाव का प्रयोग व्यापक स्तर पर होने लगा है और यह निजी संस्थानों, क्लबों, विश्वविद्यालयों, धार्मिक संस्थानों आदि में भी प्रयुक्त होता है।

भारतीय लोकतंत्र में चुनाव प्रक्रिया के अलग-अलग स्तर हैं लेकिन मुख्य तौर पर संविधान में पूरे देश के लिए एक लोकसभा तथा पृथक-पृथक राज्यों के लिए अलग विधानसभा का प्रावधान है।

भारतीय संविधान के भाग 15 में अनुच्छेद 324 से अनुच्छेद 329 तक निर्वाचन की व्याख्या की गई है। अनुच्छेद 324 निर्वाचनों का अधीक्षण, निदेशन और नियंत्रण का निर्वाचन आयोग में निहित होना बताता है। संविधान ने अनुच्छेद 324 में ही निर्वाचन आयोग को चुनाव संपन्न कराने की जिम्मेदारी दी है। 1989 तक निर्वाचन आयोग केवल एक सदस्यीय संगठन था लेकिन 16 अक्टूबर 1989 को एक राष्ट्रपती अधिसूचना के द्वारा दो और निर्वाचन आयुक्तों की नियुक्ति की गई।

लोकसभा की कुल 543 सीटों में से विभिन्न राज्यों से अलग-अलग संख्या में प्रतिनिधि चुने जाते हैं। इसी प्रकार अलग-अलग राज्यों की विधानसभाओं के लिए अलग-अलग संख्या में विधायक चुने जाते हैं। नगरीय निकाय चुनावों का प्रबंध राज्य निर्वाचन आयोग करता है, जबकि लोकसभा और विधानसभा चुनाव भारत निर्वाचन आयोग के नियंत्रण में होते हैं, जिनमें वयस्क मताधिकार प्राप्त मतदाता प्रत्यक्ष मतदान के माध्यम से सांसद एवं विधायक चुनते हैं। लोकसभा तथा विधानसभा दोनों का ही कार्यकाल पांच वर्ष का होता है। इनके चुनाव के लिए सबसे पहले निर्वाचन आयोग अधिसूचना जारी करता है। अधिसूचना जारी होने के बाद संपूर्ण निर्वाचन प्रक्रिया के तीन भाग होते हैं- नामांकन, निर्वाचन तथा मतगणना। निर्वाचन की अधिसूचना जारी होने के बाद नामांकन पत्रों को दाखिल करने के लिए सात दिनों का समय मिलता है। उसके बाद एक दिन उनकी जांच पड़ताल के लिए रखा जाता है। इसमें अन्यान्य कारणों से नामांकन पत्र रद्द भी हो सकते हैं। तत्पश्चात दो दिन नाम वापसी के लिए दिए जाते है ताकि जिन्हे चुनाव नहीं लड़ना है वे आवश्यक विचार विनिमय के बाद अपने नामांकन पत्र वापस ले सकें। 1993 के विधानसभा चुनावों तथा 1996 के लोकसभा चुनावों के लिए विशिष्ट कारणों से चार-चार दिनों का समय दिया गया था। परंतु सामान्यत= यह कार्य दो दिनों में संपन्न करने का प्रयास किया जाता है। कभी कभार किसी क्षेत्र में पुन= मतदान की स्थिति पैदा होने पर उसके लिए अलग से दिन तय किया जाता है। मतदान के लिए तय किये गए मतदान केंद्रों में मतदान का समय सामान्यत= सुबह 7 बजे से सायं 5 बजे तक रखा जाता है।

उपरोक्त सभी तथ्यों को ध्यान में रखते हुए इंडस पब्लिक स्कूल दीपका में विद्यार्थियों को लोकतंत्र में मतदान का महत्व समझाने हेतु एवं चुनाव प्रक्रिया की जानकारी प्रदान करने हेतु मॉडल इलेक्शन प्रक्रिया का आयोजन किया गया। इस चुनाव प्रक्रिया में विद्यार्थियों को अलग-अलग दल में विभाजित किया गया तथा प्रत्येक दल से एक-एक उम्मीदवार का चयन किया गया। प्रत्येक दल का नाम भी अलग-अलग रखा गया।जैसे- यूथ पावर ऑर्गेनाइजेशन, अखंड जनता पार्टी,वुमन एंपावरमेंट पार्टी एवं स्वराज जनता पार्टी। सभी पार्टी ने अपने पक्ष में मतदान करने हेतु विद्यार्थियों के मध्य जा जाकर जोर शोर से प्रचार प्रसार किया। सभी चुनाव पार्टी को अलग-अलग चुनाव चिन्ह भी प्रदान किया गया था। डमी इलेक्शन कमिशन भी बनाया गया था। कक्षा नवमी एवं 11वीं के विद्यार्थियों ने अपने-अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मतदान में पूरी गोपनीयता बरती गई।

अंत में चुनाव परिणाम की घोषणा की गई। स्वराज जनता पार्टी ने सबसे अधिक वोट प्राप्त किया एवं चुनावी प्रक्रिया में विजय का तिलक स्वराज जनता पार्टी के उम्मीदवार पर लगाया गया। यूथ पावर ऑर्गेनाइजेशन पार्टी में कक्षा दसवीं से विराट ,विशेष, ऋषभ बिरयानी एवं प्रियंका ने कार्यभार संभाला, वुमन एंपावरमेंट पार्टी से स्वीटी, सानिया, शक्ति एवं जीशान ने कार्यभार संभाला , अखंड जनता पार्टी से भीष्म पियूष सारथी और प्रिया ने चुनावी प्रचार प्रसार में हिस्सा लिया तथा स्वराज जनता पार्टी से सागर रोशन माही और अमित ने अपने पार्टी का परचम लहराया।

पूरी चुनावी प्रक्रिया को शांति ढंग से आयोजित करने में इलेक्शन कमीशन के मेंबर के रूप में तनिष कुमार ,प्राची, संगम सिहाग, शिवम अंशिका एवं क्षितिज ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस पूरे आयोजन का एकमात्र उद्देश्य यही था कि विद्यार्थी देश की लोकतांत्रिक पद्धति के बारे में जाने एवं समझे। चुनाव की प्रक्रिया से अवगत होवें।विद्यार्थी चुनाव की पेचीदगियों एवं बारीकियां को करीब से समझें ।चुनावी प्रक्रिया को समझने का प्रयास करें। चुनावी प्रक्रिया का यह बेहतरीन आयोजन विद्यालय की सामाजिक विज्ञान की शिक्षिका सुश्री तान्या ज्योत्सना के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। सुश्री तान्या ज्योत्सना ने कहा कि यह विद्यार्थी हमारे देश के भविष्य हैं। यह आने वाले कल का चेहरा है। इन्हें देश की लोकतांत्रिक पद्धति के बारे में बताना अनिवार्य है ।देश की कार्यपालिका, न्यायपालिका एवं विधायिका को बताना अनिवार्य है ।इन्हें यह बताना आवश्यक है कि हमारे सांसद में कानून किस प्रकार पारित होता है। चुनावी प्रक्रिया किस प्रकार पूरी होती है ।कोई पार्टी चुनाव कैसे में शामिल होती है और चुनाव प्रक्रिया कैसे संपन्न होती है ।यह उनके ज्ञान में वृद्धि करने में अवश्य ही सहायक होगा।

*विद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर संजय गुप्ता ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि* पढ़े हुए ज्ञान से ज्यादा महत्वपूर्ण सीखा हुआ एवं किया हुआ ज्ञान होता है। सीखा हुआ ज्ञान चिरस्थाई होता है। हमारे विद्यालय में प्रत्येक विद्यार्थी को करके सीखने हेतु प्रेरित किया जाता है। सामाजिक विज्ञान में लोकतंत्र में चुनाव का महत्व एक महत्वपूर्ण पाठ है ।विद्यार्थियों को चुनाव की प्रक्रिया से बेहतरीन ढंग से अवगत कराया गया ।उन्हें नामांकन पद्धति से लेकर चुनाव प्रक्रिया की पूरी जानकारी एक क्रियाकलाप के माध्यम से प्रदान की गई । यह उनके ज्ञान को बढ़ाने में अवश्य ही सहायक सिद्ध होगा ।चुनाव मतदान की एक प्रक्रिया है जिसमें आम जनता तय करती है कि संसद, विधान मंडल आदि जैसे प्रतिनिधि संस्थानों में राष्ट्र के लिए काम करने के लिए शासकीय निकाय में कौन-कौन शामिल होना चाहिए। देश का प्रत्येक नागरिक 18 वर्ष की आयु प्राप्त करने के बाद मतदान कर सकता है। चुनाव कराने के लिए इन दिनों दो प्रणालियाँ, जिनमें से कोई भी इस्तेमाल की जा सकती है, हैं बैलेट सिस्टम (एक बैलेट पेपर को राजनीतिक दल के नाम के साथ सुरक्षित बॉक्स में रखना) या इलेक्ट्रॉन वोटिंग मशीन (पसंदीदा विकल्प के नाम के सामने बटन दबाना और फिर उस विकल्प को संग्रहीत करना। भारत विश्व स्तर पर सबसे बड़ा लोकतंत्र होने के नाते, नियमित रूप से और संयमित रूप से चुनाव कराने की इस प्रक्रिया से बच नहीं सकता। हर बार चुनाव होने पर पूरी आबादी के लिए चुनाव कराना एक महत्वपूर्ण विचार है ।चुनाव नागरिकों को अपनी राय व्यक्त करने और यह चुनने का एक समान रूप से प्रबंधित तरीका प्रदान करते हैं कि उनके और उनके राष्ट्र के लिए कौन और क्या सबसे अच्छा है। चुनाव संविधान के तहत एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया हैं, जो लोकतंत्र के मौलिक सिद्धांतों को साकार करती हैं।

## प्रभारी मंत्री की अध्यक्षता में विभागीय अधिकारियों की होगी समीक्षा बैठक

कोरबा । छत्तीसगढ़ शासन के लोक निर्माण, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, विधि और विधायी कार्य एवं नगरीय प्रशासन विभाग एवं जिले के प्रभारी मंत्री श्री अरूण साव 23 अक्टूबर 2024 को दोपहर 03 बजे समस्त विभागीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक एवं शाम 4:30 बजे जिला पुनर्वास एवं पुनर्व्यवस्थापन समिति की बैठक लेंगे। जिला पुनर्वास एवं पुनर्व्यवस्थापन समिति की बैठक में सांसद कोरबा श्रीमती ज्योत्सना चरण दास महंत, सर्व विधायक, महाप्रबंधक एसईसीएल तथा अन्य सार्वजनिक उपक्रम के अधिकारी उपस्थित रहेंगे। उक्त बैठक में सभी विभाग प्रमुखों को अद्यतन जानकारी के साथ उपस्थिति सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया है।

## विभिन्न पदों में भर्ती हेतु प्लेसमेंट कैंप का आयोजन

कोरबा । जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र कोरबा में 23 अक्टूबर 2024 को विभिन्न पदों में भर्ती हेतु प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया जाएगा। उक्त प्लेसमेंट कैंप अंतर्गत एनआईआईटी लिमिटेड कंपनी तथा टाटा एआईए लाइफ इंश्योरेंस कंपनी अंतर्गत रिक्त पदों पर नियुक्ति की जाएगी। रिक्त पदों में एनआईआईटी लिमिटेड कंपनी में आईसीआईसीआई बैंक अंतर्गत रिलेशनशिप मैनेजर के 20 पद हेतु शैक्षणिक योग्यता 10वीं, 12वीं एवं स्नातक, आयु 20 से 25 वर्ष वेतनमान 22,000 एवं कार्य स्थल रायपुर निर्धारित है। एक्सिस बैंक ब्रांच रिलेशनशिप ऑफिसर (असिस्टेंट मैनेजर) के 18 पद हेतु शैक्षणिक योग्यता 10वीं, 12वीं एवं स्नातक, आयु 20 से 30 वर्ष वेतनमान 35000 एवं कार्य स्थल रायपुर निर्धारित है। इसी प्रकार टाटा एआईए लाइफ इंश्योरेंस कंपनी अंतर्गत बिजनेस एसोसिएट मैनेजर के 05 पद, लीडर मैनेजर के 10 पद, डिस्ट्रीब्यूशन मैनेजर के 10 पद एवं इंश्योरेंस एडवाइजर के 20 पद के लिए भर्तियां की जाएंगी। इस हेतु शैक्षणिक योग्यता स्नातक, आयु सीमा 40 वर्ष, वेतनमान 20,000 प्रतिमाह एवं कार्यस्थल कोरबा निर्धारित है। इच्छुक आवेदक 23 अक्टूबर को जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र कोरबा में प्रातः 11 बजे उपस्थित होकर योग्यतानुसार रोजगार के अवसर प्राप्त कर सकते हैं।

## विशेष शिक्षक व थैरेपिस्ट के पदों पर भर्ती हेतु 23 अक्टूबर तक कर सकते हैं दावा आपत्ति

**कोरबा ।** जिले में दिव्यांग बच्चों हेतु 50 सीटर बाधारहित आवासीय छात्रावास में विशेष शिक्षक/थैरेपिस्ट पदों के लिए दस्तावेज सत्यापन/साक्षात्कार पश्चात् पद हेतु प्राप्त अंकों के आधार पर उपस्थित अभ्यर्थियों की मेरिट सूची वेबसाइट एवं कार्यालय के सूचना पटल पर जारी की गई है इस संबंध में किसी अभ्यर्थी को आपत्ति होने पर साक्ष्य के साथ 23 अक्टूबर 2024 तक कार्यालयीन समय में स्वयं उपस्थित होकर दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि उपरांत किसी भी प्रकार की दावा आपत्ति मान्य नहीं की जाएगी।

## एतमानगर क्षेत्र में 49 हाथी ने की कारीछापर में 10 एकड़ फसल की चट करके तालाब में की मस्ती



कोरबा । कोरबा जिलान्तर्गत कटघोरा वन मंडल के एतमानगर रेंज में हाथियों की संख्या 49 पहुंच गई है। हाथियों ने मातिन के पास ग्राम कारीछापर में 10 एकड़ से अधिक की फसल चौपट कर दिया। इसके बाद जंगल के बीच बने तालाब में मस्ती करते रहे। अभी भी हाथी इसी जंगल में घूम रहे हैं।

जानकारी के अनुसार केंदई रेंज में सरगुजा से आए 11 हाथी घूम रहे हैं। 4 हाथी जटगा रोड पार कर तमोर पहाड़ की इकी ओर आगे बढ़ गए। उन्हें दूर से ही ग्रामीण देखते रहे। ग्रामीणों ने बताया कि हाथी धान की बाली को सूंड से तोड़कर खा रहे हैं। इससे भारी नुकसान हो रहा है। हाथी तीन रेंज की सीमा में ही घूम रहे हैं। इसकी अलग-अलग दल निगरानी कर रहे हैं।

## तापमान में गिरावट आने से रात की ठंड में इजाफा

कोरबा। बंगाल की खाड़ी में दबाव क्षेत्र बनने से मौसम में फिर से बदलाव आने लगा है। रविवार को सुबह से शाम तक हल्की बादल छाया रहा। इसकी वजह से अधिकतम तापमान 1 डिग्री गिरकर 32 पर पहुंच गया। सोमवार से न्यूनतम तापमान में 2 डिग्री तक गिरावट आने की संभावना है। इसके बाद रात में ठंड बढ़ेगी। मौसम विभाग के अनुसार सोमवार और मंगलवार को मौसम खुला रहेगा। लेकिन न्यूनतम तापमान में गिरावट आने की वजह से ठंड बढ़ेगी।

# उपभोक्ता फोरम ने सुनाया प्लेटफार्म फ्लिपकार्ट के विरूद्ध फैसला



कोरबा। जिला उपभोक्ता फोरम ने ऑनलाइन प्लेटफॉर्म फ्लिपकार्ट के विरुद्ध फैसला सुनाया है परिवादी की ओर से अधिवक्ता धनेश कुमार सिंह ने की पैरवी।

पंडित रविशंकर शुक्ल निवासी रविंद्र सिंह ने ऑनलाइन प्लेटफॉर्म फ्लिपकार्ट से अपने पुराने मोबाइल को एक्सचेंज करके नया मोबाइल खरीदा. फ्लिपकार्ट के द्वारा रविंद्र सिंह को नया मोबाइल तो दे दिया गया परंतु एक्सचेंज ऑफर के तहत उनके पुराने मोबाइल को तकनीकी दिक्कतों का हवाला देकर वापस लेने से मना कर दिया जिससे व्यथित होकर रविंद्र सिंह ने अपने अधिवक्ता धनेश कुमार सिंह के माध्यम से जिला उपभोक्ता फोरम में फ्लिपकार्ट के विरुद्ध परिवादी लगाया,जिस पर आयोग के सदस्यों द्वारा दोनों पक्षों को सुनने के पश्चात परिवादी के पक्ष में फैसला सुनाते हुए मोबाइल एक्सचेंज के तहत मिलने वाली रकम 6 हजार रुपए, मानसिक छतिपूर्ति के 3 हजार रुपए एवं वादवय के रूप में 5 हजार रुपए 30 दिनों के भीतर परिवादी को देने का आदेश सुनाया. ऐसा न करने पर आदेश दिनांक से भुगतान दिनांक तक 6न्न वार्षिक दर से भुगतान करना होगा

# पेंड्री के बुजुर्ग की हत्या 4 आरोपी गिरफ्तार

**जांजगीर-चांपा।** जांजगीर से लगे ग्राम पेण्ड्री में दशहरा मड़ई - मेला देखकर वापस लौट रहे बुजुर्ग की लाठी से पीट पीटकर हत्या कर दी। मामले में पुलिस ने अपचारी बालक समेत 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। प्रकरण में शामिल एक अपचारी बालक को न्यायालय में पेश उपरान्त बाल संप्रेषण गृह कोरबा भेजा गया है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार सोमवार 21 अक्टूबर को ग्राम जिला मुख्यालय से लगे ग्राम पेण्ड्री में दशहरा मड़ाई मेला चल रहा था। शाम के 4 बजे गांव के बीच बजरंग बली मंदिर के पास रामनाथ कश्यप को गांव का गोलू उर्फ सुनील कश्यप अपने अन्य साथियों के साथ रामनाथ कश्यप को तेज आवाज और रफ्तार से बाइक चलाने से मना करने की बात को लेकर लाठी से पीट रहे थे। इस बीच मारपीट करने से रामनाथ कश्यप घटना स्थल पर बेहोश हो गया। जिसे ईलाज के लिए जिला अस्पताल जांजगीर ले गये। प्रार्थी बेदराम कश्यप निवासी पेण्ड्री की रिपोर्ट पर थाना जांजगीर में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक विवेक शुक्ला के निर्देशन में प्रकरण विवेचना की जा रही थी। इसी क्रम में थाना जांजगीर पुलिस को पता चला कि



आहत रामनाथ कश्यप को प्राथमिक उपचार के बाद सिम्स अस्पताल बिलासपुर रिफर कर दिया गया था। जिसकी रास्ते में मृत्यु हो गई। सूचना पर धारा 194 बीएनएस कायम कर जांच पंचनामाकार्यवाही में लिया जाकर पीएम कराया गया है। डाक्टर से शार्ट पीएम रिपोर्ट प्राप्त कर प्रकरण में आरोपियों के विरुध्द धारा 103 (1) बी.एन.एस. जोड़ी गई। हत्या जैसे प्रकरण की ज़ घटना को गंभीरता से लेते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जांजगीर चाम्पा राजेन्द्र कुमार जायसवाल के मार्गदर्शन में सुनील कश्यप उर्फ गोलु, राजु कश्यप उर्फ राम किशन, कपिल कश्यप उर्फ ईलु एवं प्रकरण में शामिल एक अपचारी बालक को हिरासत में लिया गया। घटना के संबंध में पुछताछ करने पर मृतक एंव प्रार्थी के साथ डण्डा से मारपीट करना स्वीकार किये जाने से घटना में प्रयुक्त लाठी को बरामद किया गया है। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर 22 अक्टूअर को न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया। प्रकरण में शामिल एक अपचारी बालक को न्यायालय में पेश उपरान्त बाल संप्रेषण गृह कोरबा भेजा गया है। प्रकरण की विवेचना जारी है।



## लटिया में 40 लीटर डीजल चोरी करने वाले 2 आरोपी गिरफ्तार

**जांजगीर चांपा।** लटिया के क्रशर खदान के पास डीजल चोरी करने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 40 लीटर डीजल जब्त किया है। अकलतरा पुलिस के अनुसार प्रार्थी राहुल गोयल निवासी वार्ड क्रमांक 3 नैला चौकी नैला का एसएस इंटर प्राईजेस क्रसर खदान ग्राम लटिया में है। जहां पीसी मशीन में ट्रैक्टर एवं डीजल टेंकर के द्वारा डीजल इसके कर्मचारियों द्वारा डालते हैं। 20 अक्टूबर की सुबह 9 बजे कर्मचारी आरोपी अरूण कुमार यादव, लखन साहू के द्वारा क्रसर खदान में जाकर डीजल टैंकर से 2 नग 20-20 लीटर वाली प्लास्टिक जरिकेन में. डीजल को भरकर चोरी कर ले जा रहे थे। जिसे प्रार्थी के द्वारा देखने पर आवाज लगाने पर वहां से भाग गया। पुलिस ने आरोपी को धारा 306, 331, 3, 3-5 कायम कर विवेचना में लिया गया। चोरी की प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए टीम गठित कर आरोपी की पतासाजी के लिए ग्राम लटिया रवाना हुई। आरोपियों के कब्जे से चोरी किए 40 लीटर डीजल को बरामद किया गया। आरोपियों को गिरफ्तार कर सोमवार को रिमांड पर भेजा गया है।

# जिस डॉक्टर की हुई शिकायत उसी को बनाया बीएमओ

**जैजैपुर।** मालखरौदा के प्रभारी बीएमओ डॉ. संतोष पटेल के खिलाफ बीते दिनों वहां के कर्मचारियों सहित डॉक्टरों ने गंभीर आरोप लगाते हुए कलेक्टर से शिकायत करते हुए उन्हें हटाने की मांग की थी। लेकिन अब उन्हीं बीएमओ के ऊपर दरियादिली दिखाते हुए कलेक्टर ने जैजैपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का प्रभारी बीएमओ बनाने का आदेश जारी कर दिया। महिला कर्मचारियों को अकेले घर बुलाने के अलावा पैसे मांगने जैसे गंभीर शिकायत के बाद भी जैजैपुर बीएमओ का प्रभार मिलने पर प्रशासन की कार्यशैली पर सवाल उठने लगे हैं। जिला प्रशासन के एक आदेश ने सरकार की रीति-नीति पर सवाल खड़े कर दिए हैं। सरकार के जिम्मेदार नेता, मंत्री साफ-सुथरी सरकार चलाने की दावा करती है, लेकिन सक्ती जिला में इसके विपरीत कार्य जिला प्रशासन के द्वारा किया जा रहा है, जो समझ से परे है।

दरअसल पूरा मामला मालखरौदा के प्रभारी बीएमओ रहे डॉ. संतोष जैजैपुर पटेल को जैजैपुर बीएमओ का प्रभार देने से जुड़ा हुआ है। बता दे जिला अस्पताल सक्ती के सिविल सर्जन डॉ. संतोष पटेल को पहले कलेक्टर द्वारा मालखरौदा के प्रभारी बीएमओ का प्रभार दे दिया जाता है। बीएमओ का प्रभार मिलने के बाद डॉ. संतोष पटेल द्वारा मालखरौदा में पदस्थ डॉक्टरों और कर्मचारियों को परेशान करना शुरू कर देते हैं।

जिसमें महिला कर्मचारियों को कार्यालयीन समय के बाद अकेले घर बुलाना, वेतन आहरण के लिए व्हाट्सएप काल करके पैसे मांगना, इसके अलावा कर्मचारियों को अनुपस्थित बताकर वेतन बनाने से पहले अकेले उनके सक्ती या फिर मालखरौदा निवास में मिलने बुलाना, इतना ही नही कर्मचारियों का अवकाश देने एवज में पैसे की मांग करने के साथ ही पैसे नहीं देने पर सेवा नौकरी से निकाल देने तक की धमकी दी जाती थी। इसकी शिकायत मालखरौदा के डॉक्टरों के अलावा कर्मचारियों ने कलेक्टर से करते हुए उन्हें हटाने की मांग की थी। इसके बाद कलेक्टर ने डॉ. संतोष पटेल को मालखरौदा के बीएमओ पद से हटाकर जैजैपुर बीएमओ का प्रभार सौंप दिया है। जिसके बाद से जिला प्रशासन के उस फैसले पर सवाल उठना शुरू हो गया है। इसकी जानकारी होने पर अब जैजैपुर सामुदायिक स्वास्थ्य के कर्मचारियों ने आंदोलन करने की बात कर रहे हैं।

## व्यख्याता महंत को मिली पीएचडी की उपाधि

**डभरा।** डभरा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गोबरा में व्यख्याता के पद पर पदस्थ बी डी महंत को डॉ सी वी रमन विश्व विद्यालय कोटा के भाषा विज्ञान द्वारा पी एच डी का उपाधी प्रदान किया गया। उन्होंने शोध प्रबंध महाभारत कालीन समाज में नारी की दशा एक अध्ययन में किया है जिसमे उन्हें सी वी रमन विश्व विद्यालय के एसोशिएट प्रोफेसर डॉ रेनू शुक्ला का कुशल मार्गदर्शन और सहयोग मिला उनके शोध कार्य में संकायाध्यक्ष डॉ वेद प्रकाश मिश्र का भी विशेष मार्गदर्शन मिला। उनको पी एच डी करने की प्रेरणा पिता स्व बहोरिक दास महंत, बड़े भाई अधीन दास महंत व डॉ सी के शाह से मिला। इस कार्य में पत्नी श्रीमती प्रेमलता, पुत्र मयंक, तुषार एवं पुत्री प्रगया, अंजली, जयंती एवं दामाद विकास का विशेष सहयोग मिला। उनके इस उपलब्धि पर समाज के लोग तथा विद्यालय परिवार द्वारा खुशी जाहिर की है।

## शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष बने थवाईत

**अकलतरा।** जिले के प्रभारी मंत्री ओपी चौधरी एवं पूर्व विधायक अकलतरा सौरभ सिंह के अनुशंसा पर सुबोध थवाईत को शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय कोटमी सोनार के शाला प्रबंधन एवं विकास समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। अपनी नियुक्ति पर अध्यक्ष सुबोध थवाईत ने शाला विकास के साथ साथ शिक्षा पर जोर देते हुए विद्यार्थियों के लिए ज्यादा से ज्यादा सुविधा एवं अवसर प्रदान करने के लिए कार्य करने की बात कही हैं। सुबोध थवाईत की नियुक्ति पर पर सरपंच रामिन बाई नेताम, जनपद सदस्य रनिया प्रकाश केवट, पूर्व सरपंच संत कुमार नेताम, आनंद अग्रवाल, राकेश शर्मा, महेश्वर शुक्ला, सोमेश दुबे, जितेंद्र लहरे, विजय सोनवानी, प्रेमचंद कुर्रे, गोल्डी डहरिया, सन्तोष यादव, सन्दीप थवाईत, प्रमोद थवाईत, शशिकांत सोनी, बालमुकंद सोनी एवं ग्राम वासियों के द्वारा हर्ष व्यक्त करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई है।

## श्मशान घाट पर खेल रहे थे जुआ, पुलिस ने धर दबोचा

**जांजगीर-चांपा।** श्मशान घाट के पास जुआ खेलने वाले 5 जुआरियों को पामगढ़ पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। जुआरियों के विरुद्ध जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 के तहत कार्यवाही की गई है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पामगढ़ पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली कि मरघटी के पास कुछ लोग रूपये पैसे का दाव लगाकर तास पत्ती से हार जीत का काट पत्ती नामक जुआ खेल रहे है ।। सूचना पर थाना पामगढ पुलिस के द्वारा गवाहों के साथ मौके पर जाकर घेराबंदी कर रेड कार्रवाई की गई। पामगढ़ निवासी गोविंदा बंजारे उम्र 26 वर्ष, दीपक कुमार श्रीवास उम्र 25 वर्ष निवासी मुड़पार (खिसोरा) थाना नवागढ़, बुधराम बंजारे डोंगाकोहरौद, धनंजय कश्यप उम्र 24 वर्ष निवासी भैंसों और रमेश कुमार कश्यप उम्र 29 वर्ष निवासी झूलन को जुआ खेलते पकडा जिसके पास एवं फड से जुमला 23 हजार 330 रुपए 52 पत्ती तास, 2 नग मोटर सायकल को बरामद किया गया। उक्त कार्यवाही में पामगढ़ थाना प्रभारी मनोहर लाल स.उ.नि. सरोज पाटले, श्याम सरोज ओगरे, मुकेश कमलेश, भुनेश्वर साहू, लखेश्वर पाटले एवं थाना पामगढ स्टाफ का योगदान रहा।



## छठ पूजा धूमधाम से मनाने के लिए की गई बैठक

**जांजगीर-चांपा।** सूर्य आराधना का पर्व छठ पूजा प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी धूमधाम से मनाई जाएगी। इसको लेकर लछनपुर केराझरिया स्थित भोजपुरी समाज के भवन में समाज के लोगों की एक बैठक हुई। बैठक में पूजा की तैयारियों को लेकर विचार विमर्श किया गया।

बैठक में भोजपुरी समाज के संस्थापक जिलाध्यक्ष सत्येन्द्र सिंह एवं अध्यक्ष सुशील सिंह ने बताया कि लोक आस्था का महा पर्व छठ पूजा प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी धूमधाम से मनाई जाएगी। इस वर्ष छठ महापर्व नहाए खाए 5 नवंबर से आरम्भ होगा। पर्व के दूसरे दिन 6 नवंबर को खरना तथा तीसरे दिन 7 नवंबर को संध्या अर्घ्य और 8 नवंबर को प्रातः भगवान



भास्कर के उदय होने पर उन्हें श्रद्धा भाव से अर्घ्य देने के बाद समापन होगा। बैठक के दौरान सर्वसम्मति से कार्यकम के सफल आयोजन को लेकर जिम्मेदारियां बांटी गई। वहीं छठ घाट पर साफ-सफाई, रंग रोगन व आकर्षक लाइट लगाने व सभी को प्रसाद वितरण करने विचार-विमर्श किया गया। उल्लेखनीय है कि उत्तर भारतीय राज्य बिहार, उत्तर प्रदेश एवं झारखंड में

विशेषकर इस त्योहार को मनाया जाता है। चार दिनों की छठ पूजा का त्योहार दीपावली के बाद शुरु द शुरु होता है। । छठ पूजा की शुरुआत कार्तिक शुक्ल चतुर्थी से होती है और सप्तमी को अरुण वेला में इस व्रत का समापन होता है। बैठक में भोजपुरी समाज के संस्थापक अध्यक्ष सत्येंद्र सिंह, अध्यक्ष सुशील सिंह, एसपी सिंह, जयशंकर तिवारी, हंसराज सिंह, विनोद सिंह, रविंद्र सिंह, रंजय सिंह, विक्कू सिंह, हरेंद्र सिंह, सिद्धांत सिंह, सभा शंकर पांडे, घनश्याम पांडेय, दूधनाथ सिंह, सुधीश तिवारी, कैलाश पांडे, बीके दास, एसके सिंह, बीपी सिंह, शिव शंकर झा, सुमित सिंह, अरुण सिंह, ओम सिंह, निशांत सिंह, पवन सिंह, बजरंग ओझा, सियाराम सिंह, योगेंद्र सहित समाज के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## पेट्रोल पंप कर्मचारी से लूटपाट करने वाले आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**जांजगीर-चांपा।** रात्रि में रास्ता रोककर पेट्रोल पंप के कर्मचारी से लूटपाट करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मामला सिटी कोतवाली जांजगीर का है। इस संबंध में जांजगीर पुलिस से.मिली जानकारी के अनुसार 20 अक्टूबर की रात्रि करीब 10.30 बजे को बहोरिक राम राठौर बालाजी पेट्रोल पंप का कर्मचारी है। इस दौरान वह रुपए लेकर नेताजी चौक से गुजर रहा था। इस दौरान लालू स्वीट्स के पास अनुप कुमार दाउद उर्फ छोटु द्वारा थैले में रखे पैसे को लेकर फरार हो गया। प्रार्थी की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरुद्ध धारा 309, 3 (5) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। इसी क्रम में मंगलवार 22 अक्टूबर को सूचना मिली कि अनुप कुमार दाउद उर्फ छोटू केरा रोड तरफ में घुम रहा है। सूचना पर उच्चाधिकारियों के निर्देशन पर आरोपी को घेराबंदी कर पकड़ा गया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने बालाजी पेट्रोल पंप से आने वाले व्यक्ति को रोक कर उसके पास रखे रूपये से भरे थैले को अपने स्कूटी में बैठ कर फरार होने की बात स्वीकार प्रकरण में अन्य आरोपी फरार है जिसकी पतासाजी की जा रही है।

### बच्चों से भरी स्कूली वैन नदी में गिरी

# नहा रहे ग्रामीणों ने सभी को सुरक्षित बाहर निकाला, 15 बच्चे थे सवार

**सक्ती।** छत्तीसगढ़ के सक्ती जिले में बुधवार सुबह करीब 15 बच्चों से भरी स्कूल वैन अनियंत्रित होकर सोन नदी में गिर गई। नदी में नहा रहे ग्रामीणों ने आनन-फानन में बच्चों को बाहर निकाला। जिससे बड़ा हादसा होने से टल गया। सभी बच्चों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मामला हसौद थाना क्षेत्र का है।

जानकारी के मुताबिक, हसौद के हैप्पी पब्लिक स्कूल की वैन सुबह बच्चों को लेने के लिए गई थी। बच्चों को घर से स्कूल लाया जा रहा था। इसी दौरान स्कूली वैन पीसौद में सोन नदी के पास पहुंची, तो बेकाबू होकर नदी में गिर गई।

**नहा रहे ग्रामीणों ने बच्चों को निकाला बाहर**

घटना के समय नदी में ग्रामीण नहा रहे थे। उन्होंने सबसे पहले स्कूल वैन में फंसे बच्चों को तत्काल बाहर निकला। वैन में लगभग 15 बच्चे सवार थे। ड्राइवर घटनास्थल से भाग गया। घटना की जानकारी पुलिस को दी। जिसके बाद सभी बच्चों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

**बिना फिटनेस दौड़ रहे निजी स्कूल वाहन**

बता दें कि, हर साल स्कूल खुलने से पहले



परिवहन और यातायात विभाग की टीम निजी स्कूल वाहनों की जांच करती है। लेकिन सभी वाहनों की जांच ना होने की वजह से इस प्रकार के हादसे हो रहे है। यह हादसा कैसे हुआ अभी तक स्पष्ट नहीं हो पाया है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

छत्तीसगढ़ में सिर्फ ये 2 मामले नहीं हैं, जब स्कूली बच्चों से भरी ऑटो हादसे का शिकार हुई है। बच्चों को लगेज की तरह ऑटो में ठूंस-ठूंस कर भरा जा रहा है। जबकि स्कूली बच्चों को ऑटो और वैन में लाना-ले जाना प्रतिबंधित है।

## खेल मैदान व ई-केवाईसी लाइब्रेरी शिविर का निरीक्षण

**जांजगीर-चांपा।** अकलतरा विकासखंड की विभिन्न ग्राम पंचायतों का कलेक्टर आकाश छिकारा ने दौरा कर कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अकलतरा की निर्माणाधीन लाइब्रेरी, मधुवा व कोटमीसोनार में निर्माणाधीन खेल मैदान व पोड़ीदल्हा ग्राम पंचायत में राशन कार्ड ई-केवाईसी कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निर्माणाधीन लाइब्रेरी के प्रगति निर्माण कार्य का जायजा लिया और अधिकारियों को समय पर कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह लाइब्रेरी शहर के विद्यार्थियों और पुस्तक प्रेमियों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है, इसलिए इसकी गुणवत्ता में कोई कमी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने ग्रामीणों को बताया राशन कार्ड धारकों के लिए ई- केवाईसी कराना अनिवार्य है। कलेक्टर द्वारा इस प्रक्रिया के सुचारू संचालन और उचित सत्यापन करने और सतत शिविर लगाने व संबंधित कर्मचारियों को ई केवाईसी सूची एवं अपडेट सूची के साथ शिविर में रहने के निर्देश दिए। उन्होंने ग्राम मधुवा एवं ग्राम कोटमीसोनार में निर्माणाधीन खेल मैदान के निर्माण कार्यों का जायजा लेते हुए रनिंग ट्रैक, हॉस्टल, शौचालय, जिम, चेंजिंग रूम आदि निर्माण कार्यों को समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए।

## 2 दिन बाद मिला दूसरे युवक का शव

**जांजगीर-चांपा।** जिले में देवरी पिकनिक स्पॉट में बर्थडे पार्टी मानने गए दो युवक हसदेव नदी में बह गए थे। एक युवक लिखेश पटेल (22) का शव 25 घंटे बाद SDRF की टीम ने बरामद किया था। वहीं दूसरे युवक सुखेंद्र बरेठ (22) की लाश दो दिन बाद मिली है। घटना पंतोरा चौकी थाना क्षेत्र की है।

पंतोरा पुलिस ने बताया कि हसदेव नदी में बहे दूसरे युवक सुखेंद्र बरेठ का शव SDRF की टीम ने बुधवार सुबह करीब 7- 7.15 बजे बरामद किया। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए अस्पताल भेजा गया है।

**बर्थडे सेलिब्रेट करने 12 दोस्तों के साथ आया था**

रविवार की दोपहर 2 बजे ग्राम कापन निवासी सुखेंद्र बरेठ (22) अपने 12 दोस्तों के साथ बर्थडे मनाने के लिए देवरी पहुंचा था। इस दौरान साथी लिखेश पटेल (22 के साथ वह नदी में नहाने के लिए उतरा। दोनों ही नदी के तेज बहाव में बह गए।

## रायगढ़ एनटीपीसी में ठेका मजदूरों को नहीं मिल रहा बोनस:शिकायत लेकर एसपी ऑफिस पहुंचे, कहा- बिना बोनस दीपावली कैसे मनाएंगे

**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले के तलाईपाली ह्ख्क्ष्ट में कार्यरत मजदूरों ने बोनस नहीं मिलने पर विरोध जताया है। पुलिस अधीक्षक से मिलकर उन्होंने आवेदन सौंपा और बोनस नहीं मिलने पर काम बंद करने की बात कही है।

पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे कर्मचारियों ने बताया कि वे अलग-अलग पद में तिलाईपाली कोल माइंस के अंर्तगत ठेकेदार के माध्यम से काम करते हैं। पूर्व में यहां छतवाल एण्ड कंपनी के द्वारा कोयला निकालने का कार्य किया जाता था।

ब सभी कर्मचारियों को दीपावली में बोनस दिया जाता था, लेकिन अब इस कंपनी के बजाए वर्तमान में दूसरी कंपनी के.सी.सी.एल. भी. पी. आर. के द्वारा कोयला निकालने का कार्य किया जा रहा है और इस कंपनी ने बोनस राशि देने से इनकार कर दिया है।

इससे कर्मचारियों का कहना है कि बोनस राशि को लेकर कंपनी के अधिकारियों को भी कहा गया, लेकिन अब तक उनके द्वारा ध्यान नहीं दिया गया और इसी वजह से आज पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन के माध्यम से जानकारी दी जा रही है। उनका कहना है कि अगर 7 दिन के भीतर उनकी समस्याओं का समाधान नहीं किया गया, तो वे काम बंद आंदोलन करेंगे।



## नवोदयः 9वीं कक्षा में प्रवेश के लिए आवेदन 30 तक

**जांजगीर।** नवोदय विद्यालय की प्रवेश परीक्षा 8 फरवरी को होगी। नतीजे अप्रैल तक जारी किए जाएंगे। इसके आधार पर ही बच्चों का चयन कर प्रवेश दिया जाएगा। कक्षा 9वीं में प्रवेश के लिए फॉर्म भरने की अंतिम तारीख 30 अक्टूबर है। फॉर्म भरने वाले बच्चे ही अगले सत्र की परीक्षा में बैठ पाएंगे। सक्ती जिले के चिस्दा में नवोदय विद्यालय संचालित हो रहा है। यहां कक्षा 9वीं में प्रवेश दिया जाएगा। बता दें कि नवोदय विद्यालय सीबीएसई बोर्ड से संबद्ध हैं। कक्षा 6वीं से 12वीं तक प्रतिभाशाली बच्चों को निशुल्क शिक्षा दी जाती है। नवोदय आवासीय विद्यालय में छात्रों को निशुल्क आवास, भोजन, स्कूल यूनिफॉर्म, पाठ्य पुस्तकें, स्टेशनरी दी जाती है।

## अनमोल वचन......

**महान लोग सदैव स्वयं की खोज में रहते हैं। जिस ज्ञान से मनुष्य स्वयं को जान सके वही सच्चा ज्ञान है।**

## रतन टाटा ने दायित्व को बखूबी संभाला

जिस समय- रतन टाटा अपने ग्रुप के प्रमुख बने, भारतीय एवं विश्व अर्थव्यवस्था में नए युग की शुरुआत हो रही थी। नए तौर-तरीकों के अनुरूप अपने को आगे बढ़ाने की चुनौती दरपेश थी। रतन टाटा ने इस दायित्व को बखूबी संभाला। रतन टाटा ने प्रमुख उद्योगपति के रूप में अपनी मिली-जुली विरासत छोड़ते हुए दुनिया को अलविदा कहा है। जिस समय- यानी 1991 में वे टाटा ग्रुप के प्रमुख बने, भारतीय एवं विश्व अर्थव्यवस्था में नए युग की शुरुआत हो रही थी। नए दौर में पुराने तरीकों से कारोबार का माहौल सिकुड़ने लगा था। रतन टाटा ने टाटा ग्रुप की जिम्मेदारी जेआरडी टाटा से संभाली थी। जेआरटी टाटा इस ग्रुप को देश का सर्व प्रमुख उद्योग समूह बना चुके थे। लेकिन अभी उनके कार्यकाल में ही धीरुभाई अंबानी जैसे उद्योगपतियों की नई पीढ़ी तेजी से उभर रही थी। इससे टाटा ग्रुप के सामने नए उद्योगपतियों की नई दृष्टि और नए तौर-तरीकों के बरक्स अपने को संभालने और आगे बढ़ाने की चुनौती दरपेश थी। कहा जा सकता है कि रतन टाटा ने इस दायित्व को बखूबी संभाला। नए बने भूमंडलीकरण के वातावरण में वे टाटा समूह को बहुराष्ट्रीय कारोबार के दायरे में ले गए। हालांकि विदेशों में कोरस, लैंड रोवर और जगुआर जैसे समूहों को खरीदने का उनका दांव बहुत कामयाब नहीं रहा, लेकिन ये जोखिम लेकर टाटा समूह ने वैश्विक प्रतिस्पर्धा में कारोबार के महत्त्वपूर्ण अनुभव हासिल किए। नई टेक्नोलॉजी के बढ़ते प्रचलन से बने अवसर को उन्होंने समझा और टाटा ग्रुप को इन हाई टेक क्षेत्रों में कारोबार के लिए तैयार किया। अर्थव्यवस्था के साथ वित्तीयकरण की बढ़ती प्रवृत्तियों के बीच उन्होंने टाटा ग्रुप की निवेश प्राथमिकताएं बदलीं। बहरहाल, उत्तराधिकारी चुनने का प्रकरण विवादित रहा।

उन्हें अपने ही चयन से चुनौतियां मिलीं। ऐसे प्रकरणों से टाटा ग्रुप की प्रतिष्ठा पर आंच आई। इसके अलावा रतन टाटा पर राजनीति में दखल देने के आरोप भी लगे। एनजीओ फंडिंग के जरिए सरकारी नीतियों को प्रभावित करने और मोनोपॉली पूंजीवाद के दौर में राजनीति में दखल देने की बढ़ी प्रवृत्तियों के बीच उनकी भूमिका भी विवादों में आई। मगर इस दौर में टाटा ग्रुप के कई प्रतिस्पर्धी उद्योग समूहों पर ऐसे हस्तक्षेप के कहीं अधिक संगीन आरोप लगे हैं। इनके बीच रतन टाटा ने मुख्य रूप से ऐसे उद्योगपति की अपनी छवि कायम रखी, जिसने उद्यम, जोखिम, निवेश और व्यापार के जरिए अपना वैश्विक प्रभाव कायम किया है।

## राशिफल

**मेष राशि**-आज का दिन बढ़िया रहने वाला है। आज व्यापार में रुकी हुई योजनाओं को शुरू करने से आपकी व्यस्तता बढ़ी रहेगी। जॉब कर रहे लोगों को आज दिए गए काम को समय पर पूरा करना होगा, नहीं तो सीनियर से डांट भी पड़ सकती है। लवमेट के साथ लॉन्ग ड्राइव पर जाएंगे आज एक-दूसरे को और अधिक जानने का मौका मिलेगा।

**वृष राशि**-आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज आपके व्यापार में सामान्य रूप से लाभ बना रहेगा। आज पैसों के लेन-देन में सावधानी बरते। नौकरी कर रहे लोगों को आज अपना काम पूरा करने के लिए थोडा अधिक मेहनत करने की जरूरत है।

**मिथुन राशि**-आज का दिन आपके लिये अच्छे परिणाम लाने वाला होगा। विद्यार्थियों को सफलता मिलने के योग बने हुए है, लेकिन पढाई में और मेहनत करने की जरूरत है। आज घरवालों के साथ अच्छा समय बिताने को मिलेगा, जिससे परिवार का माहौल खुशनुमा रहेगा। आपके आय के नए स्त्रोत बनेंगे, आपका आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा।

**कर्क राशि**-आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज आपको घर के बड़ो से कुछ प्रेरणा मिलोगी। आज आप जो भी काम करेंगे, वो सफल होगा। आज आपका स्वास्थ्य पहले से उत्तम रहेगा। कोई खास रिश्तेदार आज आपके बिजनेस को बढ़ाने के लिए सुझाव देगा।

**सिंह राशि**-आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज पूरा दिन खुद को तरोताजा महसूस करेंगे। आपके आस-पास सकारात्मक ऊर्जा बनी रहेगी। लोग आपके व्यवहार से खुश रहेंगे। आप किसी बड़े बिजनेस ग्रुप से पार्टनरशीप करने पर विचार करेंगे। आज आपको उम्मीद से ज्यादा धन लाभ होने वाला है।

**कन्या राशि**-आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज बेवजह की उलझन से दूर होकर आप किसी मंदिर किसी भी धार्मिक स्थल पर अपना समय बिताएंगे। आज यात्रा पर भी जाने के योग बन रहे हैं, यात्रा आपके लिए सुखद रहेगी।

**तुला राशि**-आज आपका दिन उल्लास से भरा रहने वाला है। बिजनेस के किसी काम से आपको यात्रा करनी पड़ सकती है। आपका काम अच्छे से पूरा होगा। रोजमर्रा की जिंदगी में आज कुछ नयापन आ सकता है।

**वृश्चिक राशि**-आज आपका दिन नई उमंगों के साथ शुरू होगा। आपको आर्थिक रूप से अपने सगे संबंधियों की मदद मिलेगी। साथ ही लेन-देन के मामलों में आपको सावधानी बरतने की जरूरत है। करियर में भी आपको गुरुजन का मार्गदर्शन मिलने से आसानी होगी, आप जीवन में आगे बढ़ेंगे। आज आपका कॉन्फिडेंस ही आपके काम को पूरा करने में मदद करेगा।

**धनु राशि**-आज आपका दिन कॉन्फिडेंस से भरा रहने वाला है। अगर आपको लगता है कि आप दुनिया की भाग-दौड़ भरी जिंदगी में कहीं खो गए हैं, तो अपने लिए वक्त निकालेगे और अपने व्यक्तित्व का आकलन करेंगे। सही योजना के तहत आप अपने करियर में बदलाव लाने में सफल होंगे। आपका खुशनुमा व्यवहार सबको प्रभावित करेगा।

**मकर राशि**-आज आपका दिन खुशियों से भरा रहने वाला है। आज परिवार में हर्षोल्लास का माहौल बना रहेगा। आज आपके दांपत्य जीवन में आपसी सामंजस्य बना रहने से खुशियां बढ़ेगी। आज सेहत के लिहाज से आप चुस्त-दुरूस्त रहेंगे। विद्यार्थियों को लक्ष्य पाने के लिए शिक्षकों का पूरा मार्गदर्शन मिलेगा। आज आपके काम करने की कला से लोग प्रभावित होंगे।

**कुंभ राशि**-आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। ऑफिस मे सहकर्मियों का सहयोग मिलेगा, जूनियर आपसे काम सिखाना चाहेंगे। लवमेट के साथ रिश्तों में सुधार आयेगा। आज आपको कामों में राजनीतिक रिश्ते का फायदा मिलेगा। आपका कोई ख़ास काम करीबी दोस्त की सहायता से पूरा हो जायेगा। आप किसी काम को लेकर उत्साहित होंगे, काम आसानी से व समय से पूरा हो जायेगा। छात्र अपना अधिकतर समय इधर-उधर व सोशल मीडिया में बिताएंगे।

**मीन राशि**-आज का दिन आपके लिए मिला-जुला रहने वाला है। आज काम व पारिवारिक रिश्तों के बीच समंजास्य बनाये रखेंगे। आज किसी काम को पूरा करने के लिए नये तरीकों पर विचार करेंगे। आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत रहेगी। नए वाहन का सुख मिलने के योग हैं। आज जीवनसाथी का भरपूर सहयोग मिलने से आपको खुशी होगी।

# भाजपा का रिकॉर्ड बाकी पार्टियों से बहुत बेहतर

//एस. सुनील//

**कांग्रेस, श्री उद्धव ठाकरे और श्री शरद पवार का गठबंधन यानी महा विकास अघाड़ी लोकसभा चुनाव के नतीजों के आधार पर इस उम्मीद में है कि उसकी जीत हो जाएगी। लेकिन लोकसभा चुनाव का नतीजा एक अपवाद था। उसमें भी अगर वोट के आंकड़े देखें तो भाजपा के नेतृत्व वाले गठबंधन यानी महायुति को कांग्रेस गठबंधन के मुकाबले सिर्फ तीन फीसदी कम वोट मिले हैं। यानी वोट का अंतर सिर्फ तीन फीसदी है और उतने पर ही तकनीकी कारणों से सीटों का अंतर दोगुने का हो गया।**

प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने हरियाणा के चुनाव प्रचार में कहा था कि हरियाणा कांग्रेस के लिए मध्य प्रदेश साबित होगा। उनकी बात सौ फीसदी सही साबित हुई। जिस तरह से मध्य प्रदेश में कांग्रेस हारी वैसे ही हरियाणा में जीत का पूरा माहौल बनाने और नैरेटिव सेट करने के बावजूद कांग्रेस हार गई क्योंकि वह न तो हरियाणा की 10 साल की डबल इंजन सरकार के प्रति बने प्रो इन्कम्बैंसी को समझ पाई और न कांग्रेस विरोध की अंतर्धारा को समझ पाई। जम्मू कश्मीर में भी नेशनल कॉन्फ्रेंस की जीत हुई है, कांग्रेस तो बुरी तरह से हारी ही है। उसकी सीटें 12 से घट कर छह रह गईं और भाजपा की 25 से बढ़ कर 29 हो गईं। असल में इस वास्तविकता को ज्यादातर राजनीतिक विश्लेषक नजरअंदाज कर रहे हैं कि भाजपा और उसकी सहयोगी पार्टियों की सरकारों के खिलाफ अपवाद के तौर पर ही कहीं एंटी इन्कम्बैंसी यानी सत्ता विरोधी माहौल पैदा हो रहा है। ज्यादातर जगहों पर प्रो इन्कम्बैंसी यानी सत्ता समर्थन की लहर पैदा हो रही है, जिससे एनडीए की सरकारें बार बार सत्ता में वापसी करती हैं।

इस बात को आंकड़ों के आधार पर भी समझा जा सकता है। केंद्र में ही देखिए तो 50 साल के बाद ऐसा हुआ कि कोई सरकार लगातार तीसरी बार जीती। श्री नरेंद्र मोदी ने लगातार तीन बार प्रधानमंत्री बनने के पंडित नेहरू के रिकॉर्ड की बराबरी की। 1977 में कांग्रेस जब पहली बार हार कर सत्ता बाहर हुई तो उसके बाद किसी भी पार्टी की सरकार लगातार तीसरी बार नहीं लौटी। वह रिकॉर्ड श्री नरेंद्र मोदी ने तोड़ा। इसी तरह अनेक राज्यों में देखा जा सकता है। हरियाणा में लगातार तीसरी बार भाजपा की ज्यादा बहुमत और ज्यादा वोट के साथ सरकार बनी। उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, गुजरात, असम, त्रिपुरा, गोवा, मध्य प्रदेश, बिहार, अरुणाचल प्रदेश, सिक्किम, मेघालय, नगालैंड यानी 12 राज्यों में भाजपा और उसकी सहयोगी पार्टियों ने लगातार दो बार या उससे ज्यादा बार सरकार बनाई। इसके मुकाबले कुछ प्रादेशिक पार्टियों की तो सरकारें वापस लौटी हैं लेकिन कांग्रेस ने पिछले 10 साल में किस भी राज्य में लगातार दो बार सरकार नहीं बनाई है। इसका मतलब है कि कांग्रेस की जहां भी सरकार बनती है वहां पांच साल में उसके खिलाफ सत्ता विरोधी माहौल बन जाता है और लोग उसे हरा देते हैं। एक दिलचस्प आंकड़ा यह भी है कि दिल्ली जैसे अपवाद को छोड़ दें तो भाजपा लगातार 10 साल तक किसी भी राज्य में मुख्य विपक्षी पार्टी नहीं रही है। यानी वह जहां एक बार मुख्य विपक्षी पार्टी बनती है वहां वह पांच साल में सत्ता में वापसी करती है। राजस्थान, छत्तीसगढ़ आदि इसकी मिसाल हैं।

इन दोनों आंकड़ों को प्रकट करने का उद्देश्य यह बताना था कि झारखंड में भाजपा पांच साल से मुख्य विपक्षी पार्टी है और इस बार उसके वहां सत्ता में वापसी करने का समय है तो महाराष्ट्र में भाजपा के गठबंधन की सरकार है, जिसके खिलाफ कोई सत्ता विरोधी माहौल नहीं है क्योंकि आमतौर पर एनडीए सरकारों के खिलाफ एंटी इन्कम्बैंसी नहीं होती है। इसलिए वहां भाजपा और उसकी सहयोगी पार्टियां लगातार तीसरी बार सरकार बनाएंगी। यह ध्यान रखने की जरुरत है कि 2019 में भी भाजपा चुनाव नहीं हारी थी। पांच साल तक यानी 2014 से 2019 तक सरकार चलाने के बाद जब भाजपा और शिव सेना गठबंधन चुनाव में गया तब कहा जा रहा था कि एंटी इन्कम्बैंसी है और एनडीए चुनाव हार जाएगा। लेकिन इसका उलटा हुआ। एनडीए को 161 सीटें मिलीं, जिसमें भाजपा ने 105 और शिव सेना ने 56 सीटें जीतीं। दोनों को मिला कर 42 फीसदी से ज्यादा वोट मिले। लेकिन चुनाव के बाद श्री उद्धव ठाकरे ढाई ढाई साल की सत्ता के लिए अड़ गए, जिसकी वजह से गठबंधन टूटा और कांग्रेस, एनसीपी ने जनादेश को धोखा देकर श्री उद्धव ठाकरे के साथ सरकार बनाई। महाराष्ट्र की जनता उस धोखे का भी इस बार बदला लेगी। कांग्रेस, श्री उद्धव ठाकरे और श्री शरद पवार का गठबंधन यानी महा विकास अघाड़ी लोकसभा चुनाव के नतीजों के आधार पर इस उम्मीद में है कि उसकी जीत हो जाएगी। लेकिन लोकसभा चुनाव का नतीजा एक अपवाद था। उसमें भी अगर वोट के आंकड़े देखें तो भाजपा के नेतृत्व वाले गठबंधन यानी महायुति को कांग्रेस गठबंधन के मुकाबले सिर्फ तीन फीसदी कम वोट मिले हैं। यानी वोट का अंतर सिर्फ तीन फीसदी है और उतने पर ही तकनीकी कारणों से सीटों का अंतर दोगुने का हो गया। अगर आंकड़ों की बात करें तो लोकसभा में भाजपा को सिर्फ नौ सीटें मिलीं, जबकि पिछली बार उसे 23 सीटें मिली थीं। यानी उसकी 14 सीटें कम हो गईं लेकिन उसको वोट का नुकसान सिर्फ 1.66 फीसदी का हुआ था। 2019 में भाजपा को 27.84 फीसदी वोट मिले थे और 2024 में 26.18 फीसदी वोट मिले। ध्यान रहे भाजपा ने पिछले चार चुनावों में 25 से 27 फीसदी का अपना वोट प्रतिशत बचाए रखा है। जहां तक शिव सेना की बात है तो वह भी महाराष्ट्र के लोगों ने दिखा दिया कि असली शिव सेना श्री एकनाथ शिंदे की है। लोकसभा चुनाव में श्री उद्धव ठाकरे की शिव सेना 21 सीटों पर लड़ कर सिर्फ नौ सीट जीत पाई, जबकि एकनाथ शिंदे की शिव सेना ने 15 सीटें लड़ कर सात पर जीत हासिल की। ठाकरे के मुकाबले शिंदे की शिव सेना का स्ट्राइक रेट बेहतर रहा। शिव सैनिक पूरी तरह से उनके साथ रहे। उद्धव ठाकरे को कांग्रेस और एनसीपी का वोट मिला, जिसमें एक बड़ा हिस्सा उनके मुस्लिम वोट आधार का है। तभी हैरानी नहीं है कि श्री उद्धव ठाकरे और उनकी पार्टी के नेता स्वर्गीय बाला साहेब ठाकरे के हिंदुत्व का रास्ता छोड़ कर मुस्लिम तुष्टिकरण के रास्ते पर चल रहे हैं। जैसा केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह ने कहा कि श्री उद्धव ठाकरे कांग्रेस और एनसीपी की सोहबत में औरंगजेब को अपना नायक बना रहे हैं। सो, तुष्टिकरण की राजनीति चाहे उद्धव ठाकरे करें या शरद पवार करें या कांग्रेस करे उसका कोई फायदा महाराष्ट्र में नहीं होना है। महाराष्ट्र में श्री एकनाथ शिंदे की भाजपा समर्थित सरकार ने माझी लड़की बहिन योजना' के तहत महिलाओं को डेढ़ हजार रुपया महीना देना शुरू किया है। लाड़ला भाई योजना के तहत युवाओं को छह से 10 हजार रुपए महीना दिए जा रहे हैं। केंद्र सरकार ने आयुष्मान भारत योजना के तहत 70 साल से ज्यादा उम्र के बुजुर्गों को पांच लाख रुपए तक की मुफ्त चिकित्सा की घोषणा की है। किसानों के लिए रबी की फसलों पर एमएसपी में बढ़ोतरी हुई है। एकीकृत पेंशन की योजना आई है। ऐसी तमाम सकारात्मक योजनाओं के दम पर भाजपा और उसकी सहयोगी पार्टियों ने सत्ता के समर्थन की अंतर्धारा पैदा की है।

उधर झारखंड में पांच साल के जेएमएम, कांग्रेस और राजद के भ्रष्ट और परिवारवादी शासन से लोग ऊबे हुए हैं। वहां लोकसभा चुनाव में भाजपा को पिछली बार के मुकाबले तीन सीटों का नुकसान जरूर हुआ लेकिन अगर विधानसभा सीटों के हिसाब से देखें तो वह 50 से ज्यादा सीटों पर जीती थी। यानी लोकसभा चुनाव की तरह भी भाजपा गठबंधन का प्रदर्शन हो तो उसे 50 से ज्यादा सीटें मिलेंगी। झारखंड का विश्लेषण जो लोग भी 2019 के विधानसभा चुनाव के नतीजों के आधार पर कर रहे हैं उनको समझदारी का नया चश्मा लगाने की जरुरत है। 2019 में भी भाजपा हारी नहीं थी। पांच साल के शासन के बाद भी कोई एंटी इन्कम्बैंसी की लहर नहीं थी। उलटे श्री रघुवर दास के नेतृत्व में भाजपा का वोट 2.11 फीसदी बढ़ा था, जबकि जेएमएम के वोट में 1.71 फीसदी की कमी आई थी। इसके बावजूद जेएमएम को ज्यादा सीटें इसलिए मिल गईं क्योंकि भाजपा की गठबंधन की पुरानी सहयोगी आजसू अलग चुनाव लड़ी थी। उसने 53 सीटों पर उम्मीदवार उतार दिए और उसे आठ फीसदी से ज्यादा वोट मिले। इस बार का चुनाव पिछली बार से अलग इसलिए है क्योंकि आठ फीसदी की वोट पूंजी वाली आजसू भाजपा के साथ है और साढ़े पांच फीसदी वोट की पूंजी वाले श्री बाबूलाल मरांडी की भाजपा में वापसी हो गई है। यानी भाजपा के खाते में 13 फीसदी से ज्यादा वोट जुड़ा है। तभी लोकसभा में एनडीए का वोट 47 फीसदी पहुंच गया था। यह जरूर है कि भाजपा आदिवासी सीटों पर नहीं जीत पाई लेकिन इसका यह कतई मतलब नहीं है कि आदिवासी भाजपा के विरोधी हैं। अगर सबसे बड़े वोट समूह यानी आदिवासी का वोट भाजपा को नहीं मिलता तो उसका वोट प्रतिशत 47 तक कैसे पहुंचता। भाजपा ने झारखंड के सबसे बड़े आदिवासी नेता और विकास पुरुष की छवि वाले श्री बाबूलाल मरांडी को प्रदेश अध्यक्ष बनाया है और दोनों पड़ोसी राज्यों छत्तीसगढ़ व ओडिशा में आदिवासी मुख्यमंत्री बनाया है। यह भी ध्यान रखने की जरुरत है कि झारखंड में आदिवासियों के सामने अस्तित्व का संकट है।

बांग्लादेशी घुसपैठ से आदिवासी बहुल झारखंड की जनसंख्या संरचना बदल रही है। आदिवासियों की आबादी कम हो रही है। रोटी, बेटी और माटी का संकट खड़ा हो गया है। इसलिए भी आदिवासी समाज तुष्टिकरण की राजनीति करने वालों से पीछा छुड़ा कर भाजपा का साथ देगा। आदिवासी हों या पिछड़े या सदान या सामान्य जाति के लोग पांच साल के जेएमएम, कांग्रेस और राजद के राज में सबने किसी न किसी तरह की मुश्किल झेली है। सरकार का पूरा कार्यकाल भ्रष्टाचार के आरोपों और लूट पाट वाला रहा है। चुनाव से ठीक पहले राज्य सरकार ने खजाना खोल कर अनेक सेवाएं और वस्तुएं मुफ्त देने का वादा किया है लेकिन इस मामले में भी भाजपा का रिकॉर्ड बाकी पार्टियों से बहुत बेहतर है।

# भ्रष्टाचार से कांग्रेस ने सबक नहीं सीखने की ठान ली!

**कांग्रेस ने भ्रष्टाचार के कारण देशभर में हुई बदनामी से सत्ता गंवाने के बावजूद सबक नहीं सीखा है। कांग्रेस के केंद्र और ज्यादातर राज्यों से सत्ता बाहर होने का एक प्रमुख कारण भ्रष्टाचार रहा है। इसके बावजूद कांग्रेस के नेता भ्रष्टाचार से दामन नहीं छुड़ा पाएं हैं। कर्नाटक कांग्रेस की सरकार के जमीनों में बंदरबांट इसका नया उदाहरण है। इसके चलते मैसूरु शहरी विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष मारी गौड़ा ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया। उल्लेखनीय है कि उनका इस्तीफा ऐसे समय में आया है जब कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया, उनकी पत्नी बीएन पार्वती और उनके परिवार के अन्य सदस्यों के खिलाफ चल रहे भूमि घोटाले की जांच राज्य और केंद्रीय एजेंसियों द्वारा की जा रही है।**

गौरतलब है कि मुख्यमंत्री सिद्धारमैया पर लोकायुक्त और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा जांच की जा रही है। सिद्धारमैया और उनकी पत्नी बीएन पार्वती पर मैसूरु के विजयनगर क्षेत्र में 14 प्लॉट आवंटित किए गए प्लॉट को लेकर सवाल उठे थे। सिद्धारमैया की पत्नी ने प्लॉट लौटाने की पेशकश की थी। जिसे वापस लेने पर प्राधिकरण ने सहमति जताई। मुख्यमंत्री के जमीन आंवटन में हेराफेरी की जांच के बीच मल्लिकार्जुन खडग़े ने कर्नाटक द्वारा आवंटित जमीन लौटा दी। यह विवाद मार्च 2024 में शुरू हुआ, जब कर्नाटक कांग्रेस सरकार ने राहुल खडग़े की अध्यक्षता वाले सिद्धार्थ विहार ट्रस्ट को ज़मीन दी। विचाराधीन भूमि मल्लिकार्जुन खडग़े के बेटे राहुल एम खडग़े को कर्नाटक औद्योगिक क्षेत्र विकास बोर्ड (केआईएडीबी) द्वारा बगलूर में हाई-टेक डिफेंस एंड एयरोस्पेस पार्क के हार्डवेयर क्षेत्र में आवंटित की गई थी। कांग्रेस का शायद ही ऐसा कोई वरिष्ठ नेता होगा जिस पर भ्रष्टाचार के आरोप और मामले दर्ज नहीं किए गए हैं। पार्टी में कनिष्ठ से लेकर शीर्ष तक के नेताओं के खिलाफ गंभीर मामले चल रहे हैं। यहां तक कि पार्टी चलाने वालीं पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष सोनिया गांधी और उनके बेटे राहुल गांधी भी जमानत पर चल रहे हैं। भ्रष्टाचार के मामलों को देखें तो दिल्ली से लेकर हिमाचल प्रदेश, राजस्थान और गुजरात से लेकर महाराष्ट्र तक के बड़े कांग्रेस नेता सीबीआई, इनकम टैक्स और ईडी जैसी एजेंसियों के निशाने पर हैं। हालांकि कांग्रेस अपने नेताओं पर लगे भ्रष्टाचार के आरोपों से इनकार करती रही है। पार्टी का कहना है कि बीजेपी की मोदी सरकार राजनीतिक बदले की भावना से कार्रवाई कर रही है। करोड़ों की एंबुलेंस खरीद में पूर्व केंद्रीय मंत्री पी चिदंबरम के पुत्र कार्ति चिदम्बरम, राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, पूर्व स्वास्थ्य मंत्री ए.ए खान, श्वेता मंगल, शफी माथेर और निदेशक एन आर एच एम के विरूद्ध 2013 तक एनआरएचएम के तहत एंबुलेंस खरीदने में हुई धांधली का मामला दर्ज किया गया था। एंबुलेंस खरीदने के लिए जो टेंडर जारी किया गया, उसमें गड़बड़ी की गई थी। इस मामले में 31 जुलाई 2014 को जयपुर के अशोक नगर थाना पुलिस ने जयपुर नगर निगम के पूर्व मेयर पंकज जोशी की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया था। कर्नाटक में कांग्रेस के दिग्गज नेता डीके शिवकुमार के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति दर्ज करने का मामला चल रहा है। 2017 में इनकम टैक्स डिपार्टमेंट ने डीके शिवकुमार के 64 ठिकानों पर जबर्दस्त छापेमारी की थी। टैक्स चोरी की शिकायतों पर यह कार्रवाई हुई थी। उस दौरान डीके शिवकुमार व अन्य कांग्रेस नेताओं ने राजनीतिक बदले की भावना से कार्रवाई करने का आरोप लगाया था। इसी तरह वीरभद्र सिंह हिमाचल के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस नेता वीरभद्र सिंह के खिलाफ भी केंद्रीय एजेंसियों ने जांच की। सितंबर 2015 में उनकी बेटी की शादी के दिन सीबीआई ने छापेमारी कर खलबली मचा दी थी। कांग्रेस की कार्यकारी अध्यक्ष सोनिया गांधी के राजनीतिक सचिव अहमद पटेल पर इतालवी चॉपर कंपनी अगस्ता वेस्टलैंड से कमीशन लेने के आरोपों की सीबीआई आदि केंद्रीय एजेंसियां जांच कर रही हैं। इस मामले में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री कमलनाथ के भांजे रतुल पुरी भी फंसे हैं। यह मामला अगस्ता वेस्टलैंड कंपनी से 36 अरब रुपए के 12 वीआईपी हेलिकॉप्टर खरीदने थे से जुड़ा है। आरोप है कि कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया इस वीआईपी चॉपर खरीद के पीछे अहम भूमिका निभा रही थीं। बीजेपी के राज्यसभा सांसद सुब्रमण्यम स्वामी ने इस मामले को पिछली मोदी सरकार में उठाया था, जिसके बाद घमासान मचा था।

नेशनल हेराल्ड केस-2011 में कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी, उनके बेटे राहुल गांधी और अन्य कांग्रेस नेता फंसे हैं। आरोप है कि कांग्रेस के पैसे से 1938 में एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड नाम की कंपनी खड़ी की गई, जो नेशनल हेराल्ड, नवजीवन और क़ौमी आवाज़ नामक तीन अखबारों का संचालन करती थी। एक अप्रैल 2008 को सभी अखबार बंद हो गए. इसके बाद कांग्रेस ने 26 फरवरी 2011 को इसकी 90 करोड़ रुपये की देनदारियों को अपने जिम्मे ले लिया था। मतलब पार्टी ने इसे 90 करोड़ का लोन दे दिया।

इसके बाद 5 लाख रुपये से यंग इंडियन कंपनी बनाई गई, जिसमें सोनिया और राहुल की 38-38 फीसदी हिस्सेदारी है। बाद में घालमेल कर यंग इंडियन के कब्जे में एजेएल कंपनी को कर दिया गया। इसके बाद कांग्रेस पार्टी ने 90 करोड़ का लोन भी माफ कर दिया। यानी यंग इंडियन को एक प्रकार से मुफ्त में एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड नाम की कंपनी का मालिकाना हक मिल गया। कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी के पति रॉबर्ट वाड्रा पर लंदन में 12, ब्रायनस्टन स्क्वायर में एक संपत्ति की खरीद में मनी लॉन्ड्रिंग का आरोप है, जिसकी अनुमानित कीमत 1.9 मिलियन पाउंड (17 करोड़ से अधिक) है। इस मामले की जांच मनी लॉन्ड्रिंग रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत की जा रही है। इसके अलावा हरियाणा में हुड्डा की कांग्रेस सरकार के दौरान वाड्रा-डीएलएफ लैंड डील का बड़ा घोटाला उजागर हुआ था। रॉबर्ट वाड्रा की कंपनी स्काईलाइट हॉस्पिटैलिटी ने गुडग़ांव के मानेसर-शिकोहपुर में ओंकारेश्वर प्रॉपर्टीज से 7.5 करोड़ रुपये में करीब 3.5 एकड़ जमीन खरीदी थी। हुड्डा सरकार ने वाड्रा की कंपनी स्काईलाइट हॉस्पिटैलिटी को इस जमीन पर आवासीय परियोजना विकसित करने की स्वीकृति दी थी।

## तस्वीरों की दुनिया



झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) नेता कल्पना सोरेन झारखंड के चतरा जिले के सिमरिया में एक चुनाव प्रचार रैली के दौरान.



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मथुरा में जिला कलेक्ट्रेट के पास उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद की बैठक की अध्यक्षता की.



मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव की अध्यक्षता में भोपाल में कैबिनेट बैठक हुई.



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कज़ान में 16वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ बैठक के दौरान.



बेंगलुरु के केंगेरी में झील में डूबे भाई-बहन के लिए बचाव और तलाशी अभियान जारी है।



संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया ने नई दिल्ली में भूटान के प्रधानमंत्री शेरिंग तोबगे से मुलाकात की।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का रूस के कज़ान शहर में आगमन पर तातारस्तान गणराज्य के प्रमुख रुस्तम मिन्निखानोव द्वारा गर्मजोशी से स्वागत किया गया।

# भारतीय तीर्थयात्रियों को फायदा, श्री करतारपुर साहिब कॉरिडोर पर 5 वर्ष बढ़ा भारत-पाक समझौता

**नईदिल्ली, 23 अक्टूबर [एजेंसी]।**

श्री करतारपुर साहिब कॉरिडोर को लेकर भारत और पाकिस्तान के बीच पुराने समझौते को फिर से अगले पांच वर्षों के लागू करने पर सहमति बन गई है। विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को बताया कि तीर्थयात्रियों के अनुरोधों को देखते हुए पाकिस्तान द्वारा प्रति तीर्थयात्री लगाए जाने वाले 20 अमेरिकी डॉलर के सेवा शुल्क को हटाने के संबंध में भारत ने एक बार फिर पड़ोसी देश से कोई शुल्क नहीं लेने का आग्रह किया है।विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारत और पाकिस्तान के बीच राजनयिक चैनलों के माध्यम से यह सहमति बनी है। इससे पहले 24 अक्टूबर 2019 को दोनों देशों के मध्य पांच साल के लिए समझौता हुआ था। इस कॉरिडोर से पाकिस्तान में गुरुद्वारा श्री दरबार साहिब करतारपुर, नारोवाल तक भारत से तीर्थयात्री जाते हैं।भारत और पाकिस्तान के बीच इस समझौते में भारतीय तीर्थयात्रियों के साथ-साथ ओवरसीज सिटीजन ऑफ इंडिया कार्डधारकों की वीजा-मुक्त यात्रा का प्रावधान है। भारत से बड़ी संख्या में पाकिस्तान स्थित गुरुद्वारा श्री दरबार साहिब के दर्शन करने संगत जाती है। पहले सिख श्रद्धालु पंजाब के गुरदासपुर जिले के डेरा बाबा नानक में अंतरराष्ट्रीय सीमा पर लगी दूरबीन से गुरुद्वारा साहिब के दर्शन करते थे। मगर इसके बाद कॉरिडोर बनाने का फैसला लिया गया। कॉरिडोर के तहत डेरा बाबा नानक शहर से जीरो पॉइंट तक एक राजमार्ग और भारत की तरफ एक एकीकृत चेक पोस्ट (आईसीपी) समेत आधुनिक बुनियादी ढांचे का निर्माण किया गया। श्री करतारपुर साहिब कॉरिडोर के सीईओ की नियुक्ति पाकिस्तानी अधिकारी करते हैं।



नवंबर 2019 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने श्री करतारपुर साहिब कॉरिडोर का उद्घाटन किया था। तब से श्री करतारपुर साहिब कॉरिडोर के माध्यम से लगभग 2,50,000 तीर्थयात्री पाकिस्तान पहुंचे और वहां गुरुद्वारा श्री दरबार साहिब में माथा टेका।पाकिस्तान का करतारपुर गांव रावी नदी के पश्चिमी तट पर स्थित है। जहां श्री गुरु नानक देव जी ने अपने जीवन के आखिरी 18 साल बिताए थे। यहां स्थित गुरुद्वारा श्री दरबार साहिब गुरदासपुर के डेरा बाबा नानक से 4.5 किमी दूर है। गुरुद्वारा श्री करतारपुर साहिब पाकिस्तान के नारोवाल जिले में पड़ता है। कॉरिडोर के तहत भारत ने डेरा बाबा नानक से अंतरराष्ट्रीय सीमा तक 4.1 किमी लंबा चार लेन का राजमार्ग बनाया है। समझौते की वैधता को बढ़ाने से भारत के तीर्थयात्री पाकिस्तान में स्थित पवित्र गुरुद्वारा श्री दरबार साहिब की यात्रा कॉरिडोर के माध्यम से निर्बाध कर सकेंगे। विदेश मंत्रालय।

## हिजबुल्लाह चीफ नसरल्लाह का उत्तराधिकारी मारा गया, 19 दिन बाद इजरायल का खुलासा



**बेरूत।** इजरायल की सेना ने हिजबुल्लाह प्रमुख हसन नसरल्लाह के उत्तराधिकारी हाशेम सफीद्दीन की मौत की पुष्टि की है। हाशेम सफीद्दीन की मौत के 19 दिन बाद इजरायली सेना ने यह खुलासा किया है। इजरायल की सेना ने कहा कि चार अक्टूबर को हाशेम सफीद्दीन हिजबुल्लाह के खुफिया विभाग के प्रमुख हुसैन अली हाजिमा के साथ मारा गया है। हाशेम सफीद्दीन हिजबुल्लाह की कार्यकारी परिषद का प्रमुख था और उसे नसरल्लाह का उत्तराधिकारी माना जा रहा था।चार अक्टूबर को इजरायल की सेना ने लेबनान के दहिया में स्थित हिजबुल्लाह के भूमिगत खुफिया मुख्यालय पर हमला किया था। उस वक्त हाशेम सफीद्दीन समेत कुल 25 लोग मुख्यालय में मौजूद थे। हालांकि अभी तक हिजबुल्लाह ने मौत की पुष्टि नहीं की है। यहां यह बताना जरूरी है कि हाशेम सफीद्दीन नसरल्लाह का चचेरा भाई था।27 सितंबर को इजरायल ने एक एयर स्ट्राइक में हिजबुल्लाह चीफ हसन नसरल्लाह को ढेर किया था। इसके बाद से ही हाशेम सफीद्दीन अपने उप महासचिव नईम कासिम के साथ मिलकर इजरायल के खिलाफ मोर्चा खोल रहा था।हाशेम सफीद्दीन हिजबुल्लाह के जिहाद परिषद का हिस्सा था। सैन्य अभियानों की जिम्मेदारी इसी परिषद की होती है। सफीद्दीन की मौत हिजबुल्लाह के लिए बड़ा झटका है। इजरायल पहले ही चरमपंथी समूह के कई कमांडरों को ढेर कर चुका है।हाशेम सफीद्दीन इजरायल में हसन नसरल्लाह के जितना प्रसिद्ध नहीं था। हालांकि वह लंबे समय से इजरायल के रडार पर था। पिछले एक साल से सफीद्दीन इजरायल के खिलाफ भाषण दे रहा था। अंतिम संस्कारों और अन्य कार्यक्रमों में भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इसने हमास का खुलकर समर्थन किया।नसरल्लाह की तरह सफीद्दीन भी काली पगड़ी पहनता था। यह पगड़ी पैगंबर मोहम्मद के वंशज होने का प्रतीक है। उसका जन्म लेबनान के शिया बहुल दक्षिण में हुआ था।

## युवाओं को मिलेगा फायदा, ग्रेजुएशन की पढ़ाई के साथ अब जरूरी होगी अप्रेंटिसशिप



**नईदिल्ली, 23 अक्टूबर [एजेंसी]।**

युवाओं को पढ़ाई के बाद अब रोजगार के लिए भटकना नहीं होगा। विश्वविद्यालय आने वाले दिनों में उन्हें स्नातक की पढ़ाई के साथ अनिवार्य रूप से अप्रेंटिसशिप कराएंगे। जो तीन वर्षीय स्नातक कोर्स के लिए न्यूनतम एक और अधिकतम दो सेमेस्टर का होगा।जबकि चार साल के स्नातक कोर्स के लिए न्यूनतम दो व अधिकतम चार सेमेस्टर का होगा। इस दौरान उन्हें एक नियमों के तहत निर्धारित एक स्टाइपेंड भी दिया जाएगा। इसे लेकर उच्च शिक्षण संस्थानों और उद्योगों के बीच एक करार भी होगा।जिसमें उद्योगों को तय नियमों के तहत साल में एक निर्धारित संख्या में छात्रों को अपने यहां अप्रेंटिसशिप का मौका देना होगा। युवाओं के सामने रोजगार के बढ़ते संकट का समाधान खोजते हुए विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ( यूजीसी) ने इसे लेकर अप्रेटिंसशिप युक्त एक नए डिग्री प्रोग्राम का मसौदा तैयार किया है। जिसमें स्नातक की पढ़ाई के साथ छात्रों को अनिवार्य से अप्रेटिंसशिप कराना शामिल है। फिलहाल मसौदे के तहत इस प्रोग्राम की शुरूआत देश के शीर्ष दो सौ उच्च शिक्षण संस्थानों ( एनआईआरएफ रैंकिंग के अनुसार) या फिर राष्ट्रीय मूल्यांकन और प्रत्यायन परिषद (नैक) की ए रैंकिंग वाले संस्थानों से होगी। हालांकि इससे पहले इन सभी उच्च संस्थानों को अपने आस- पास के उद्योगों के साथ एक करार करना होगा। जिसमें उन्हें संस्थानों में छात्रों में पढ़ने वाले छात्रों को प्राथमिकता के साथ अप्रेंटिसशिप का मौका देना होगा। इस मसौदे को लेकर अगले महीने भर राय दी जा सकती है।

यूजीसी के मुताबिक पढ़ाई के साथ किए गए अप्रेंटिसशिप के लिए छात्रों को क्रेडिट स्कोर भी दिए जाएंगे। जिसके आधार पर वह पढ़ाई के बाद अपने उस अनुभव के आधार पर उन क्षेत्रों में आसानी से रोजगार हासिल कर सकते है। मसौदे के मुताबिक एक सेमेस्टर यानी छह महीने का अप्रेंटिसशिप करने पर छात्रों को कम से कम 20 क्रेडिट स्कोर मिलेंगे। यदि एक साल यानी दो सेमेस्टर का अप्रेंटिसशिप कर लिया तो उसे 40 क्रेडिट स्कोर मिलेंगे। क्रेडिट फ्रेमवर्क के तहत एक क्रेडिट के लिए कम से 30 घंटे का प्रशिक्षण अनिवार्य होगा। पढ़ाई के साथ ही अप्रेंटिसशिप अवधि का भी मूल्यांकन उच्च शिक्षण संस्थानों की ओर से किया जाएगा। जिसका जिक्र उन्हें दिए जाने वाले सर्टिफिकेट में होगा।

## झारखंड मुक्ति मोर्चा ने 35 सीटों पर प्रत्याशियों का किया एलान, बरहेट से सीएम हेमंत सोरेन मैदान में

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन बरहेट विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ेंगे। उनकी पत्नी कल्पना मुर्मू सोरेन गांडेय विधानसभा क्षेत्र से पार्टी की प्रत्याशी होंगी।मंगलवार देर रात झामुमो महासचिव विनोद पांडेय ने 35 प्रत्याशियों की पहली सूची जारी की। इस सूची में सरायकेला और जामा से प्रत्याशियों के नाम घोषित नहीं किए गए हैं। जल्द ही इन सीटों पर भी प्रत्याशी घोषित कर दिए जाएंगे।शीर्ष नेतृत्व ने सीटिंग विधायकों पर भरोसा जताया है। वहीं पार्टी में शामिल होने वाले नेताओं को भी सूची में जगह दी गई है। हालांकि, दल में वापस आए कुणाल षाडंगी को बहरागोड़ा से टिकट नहीं मिला है। धनवार सीट से भी पार्टी ने प्रत्याशी उतार दिया है। यहां से भाकपा माले ने भी प्रत्याशी की घोषणा की है।झारखंड मुक्ति मोर्चा के लेटरहेड पर पार्टी के विधानसभा चुनाव 2024 के उम्मीदवारों की सूची।झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ने धनवार सीट से भी अपना प्रत्याशी उतारा है।


## मध्य प्रदेश के भोपाल में मृत मिला काला हिरण, गोली मारे जाने की आशंका, वन विभाग ने पोस्टमार्टम को भेजा



**भोपाल।** भोपाल से करीब 40 किलोमीटर दूर बरखेड़ा सालम गांव के खेत में एक काले हिरण का शिकार किया गया है। मंगलवार सुबह हिरण का शव खेत में पड़ा मिला। उसकी गर्दन के पास गहरा घाव है। आशंका है कि सोमवार की रात शिकारियों ने उसे गोली मारी थी, मगर किन्हीं कारणों से वे इसे नहीं ले जा पाए।गांव के किसान वीर सिंह मेवाड़ा मंगलवार सुबह अपने खेत पर गए थे। इस दौरान उन्होंने पड़ोस के खेत में काले हिरण का शव देखा। उन्होंने वन विभाग को सूचित किया। इसके बाद वन विभाग की टीम गांव पहुंची। वहां से शव को भोपाल लाकर पशु अस्पताल में पोस्टमार्टम कराया गया।अधिकारियों ने बताया कि मारे गए हिरण की उम्र करीब पांच साल थी। उसके शरीर में कुछ जगह हल्की चोट के निशान भी हैं। वन विभाग ने फिलहाल अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पोस्टमार्टम के बाद काले हिरण का अंतिम संस्कार कर दिया गया। बरखेड़ा सालम में जिस स्थान पर मृत काला हिरण पाया गया, वह वन क्षेत्र से कुछ दूर है। यहां विचरण करते हिरण आ जाते हैं।भोपाल के आसपास जंगल क्षेत्र में काले हिरण मौजूद हैं। करीब पांच महीने पहले भी बिशनखेड़ी गांव में एक गर्भवती काले हिरण का शव मिला था। ग्रामीणों का कहना था कि उसका शिकार कुत्तों ने किया है। काला हिरण लुप्तप्राय मृग है, जो केवल भारत और नेपाल में पाया जाता है। भारत में इनके शिकार पर पाबंदी है।

## शव की हड्डियों का सूप बनाकर पीते हैं इस जगह के लोग

### रोम-रोम को झकझोर देगी यह अजीबोगरीब परंपरा



**नईदिल्ली, 23 अक्टूबर [एजेंसी]।**

दुनिया के कोने-कोने में ऐसे कई आदिवासी समुदाय रहते हैं जो आज भी कुछ ऐसी रस्मों-रिवाजों का पालन करते हैं जो हमारी समझ से परे हैं। इनमें से कुछ समुदायों में नरभक्षण जैसी प्रथाएं भी देखने को मिलती हैं। एक और हैरान करने वाली बात यह है कि कुछ आदिवासी कबीले अपने मृत परिजनों की हड्डियों को पीसकर सूप बनाते हैं और उसे पीते हैं। ये प्रथाएं , भले ही आपको कितनी भी अजीब लगें, लेकिन इन समुदायों के लिए महत्वपूर्ण धार्मिक या सांस्कृतिक मूल्य रखती हैं।दक्षिण अमेरिका के घने जंगलों में, खासतौर से उत्तरी ब्राजील और दक्षिणी वेनेजुएला में यानोमानी आदिवासी समुदाय के लोग रहते हैं। ये लोग अमेजन वर्षावन के किनारे रहते हुए बेहद अनोखा जीवन जीते हैं। दरअसल, उनकी संस्कृति में कई अजीबोगरीब रीति-रिवाज हैं, जिनमें से एक है अपने परिवार के सदस्यों के निधन पर उनकी हड्डियों का सूप बनाकर पीना। इस जनजाति के लोग आमतौर पर कपड़े नहीं पहनते हैं और खुले आसमान के नीचे सोते हैं। इनकी जीवनशैली बेहद सरल है और ये लोग शिकार और खेती पर निर्भर रहते हैं। इस जनजाति की रस्में और रिवाज भी बेहद दिलचस्प हैं, जो इनकी गहरी आध्यात्मिक मान्यताओं को दर्शाते हैं।ये आदिवासी समुदाय अपने परिजनों के निधन के बाद बेहद अनोखे अंतिम संस्कार की रस्म निभाते हैं। इस रस्म में वे मृत व्यक्ति की हड्डियों की राख को एक विशेष तरीके से तैयार करके सूप बनाते हैं और फिर उसे पीते हैं। उनका मानना है कि इस क्रिया से वे मृत आत्मा की रक्षा करते हैं और उसे शांति प्रदान करते हैं। यह समुदाय मृत्यु को आखिरी पड़ाव नहीं, बल्कि एक नए रूप में जीवन की शुरुआत मानता है।ये आदिवासी समुदाय मृत्यु को प्राकृतिक कारणों से नहीं, बल्कि विरोधी समुदाय के जादूगरों द्वारा भेजी गई बुरी आत्माओं का हमला मानते हैं। इनका मानना है कि शव को जलाने और उसकी राख पीने से उनके प्रियजनों की आत्माएं पुनर्जीवित हो जाएंगी।

ये आदिवासी लगभग 200 से 250 गांवों में फैले हुए हैं और इस अजीबोगरीब परंपरा को पीढ़ी दर पीढ़ी चलाते आ रहे हैं।यानोमानी आदिवासी समुदाय अपने मृत परिजनों के शरीर को अंतिम संस्कार की एक अनोखी प्रक्रिया से गुजारते हैं। वे मृत व्यक्ति के शव को पास के जंगल में पत्तों से ढककर लगभग एक महीने तक छोड़ देते हैं। इस अवधि के बाद, वे शव से हड्डियों को निकालकर इन्हें जला देते हैं। हड्डियों को जलाने के बाद मिलने वाली राख को केले के साथ मिलाकर एक खास तरह का सूप बनाया जाता है, जिसे समुदाय के सभी सदस्य मिलकर पीते हैं। यह प्रक्रिया उनके लिए मृत व्यक्ति की आत्मा को सम्मान देने और उसे शांति प्रदान करने का एक तरीका है।

## प्रेमिका जहां जाती थी वो वहां आ जाता था, ननिहाल गई तो वहां भी जा पहुंचा, फिर जो हुआ, सबने कोसा!

**चंदौली, 23 अक्टूबर [एजेंसी]।**

आधी रात में प्रेमिका से मिलने आए प्रेमी की ग्रामीणों ने इस कदर पिटाई कर दी कि उसकी मौत हो गई। घटना बलुआ थाना के फुलवरिया गांव की है। हृदयपुर ग्राम निवासी धीरज का गांव की ही स्वजाति की पूजा से प्रेम प्रसंग चल रहा था। युवती इन दिनों अपने ननिहाल फुलवरिया गई हुई थी।

पुलिस के अनुसार, वह अपनी प्रेमिका से गांव में अक्सर मिलता था। युवती के परिजन प्रेम प्रसंग के विरुद्ध थे। हृदयपुर गांव निवासी राम सिंगार का पुत्र धीरज सोमवार की रात वह मिलने के लिए प्रेमिका के ननिहाल पहुंच गया। यहां घर में घुसने पर परिजनों ने शोरगुल किया। साथ ही आव देखा न ताव, प्रेमी की जबरदस्त पिटाई कर दी। इससे वह अधमरा हो गया। जानकारी पर पहुंची पुलिस उसे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चहनियां ले आई। हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। उसने रास्ते में ही दम तोड़ दिया था।

परीक्षण के बाद चिकित्सकों ने युवक को मृत घोषित कर दिया। मंगलवार की सुबह मृतक के परिजन बलुआ थाना पहुंचे। भाई नीरज कुमार की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने युवती समेत छह को हिरासत में लेकर पूछताछ करती रही। वहीं युवक की मौत से पिता रामसिंगार राम, माता धनमत देवी, भाई नीरज, बहन मोनिका व दीपिका का रोकर बुरा हाल हो गया था। मृतक के पिता सीआरपीएफ में हैं।

## माल उड़ाकर 'हवा में गायब' हो जाता था गैंग, पुलिस के लिए बन चुके थे सिरदर्द

**मीरजापुर।** हवाई जहाज से सफर कर मुंबई सहित दूसरे जिले में जाकर चोरी की घटना को अंजाम देने वाले अंतरराज्यीय चोर गैंग का पुलिस ने राजफाश किया है। चोरी की कई वारदातों में शामिल 25-25 हजार रुपये के चार आरोपी सहित पांच आरोपियों को चुनार पुलिस, एसओजी व सर्विलांस की संयुक्त टीम चुनार कोतवाली के पचरांव गांव के पास सोमवार की रात करीब दस बजे गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से करीब दस लाख रुपये मूल्य के जेवरात सहित कुल 35 लाख रुपये का सामान बरामद हुए है। सभी के विरुद्ध चोरी सहित अन्य आरोप में मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया है। पुलिस अधीक्षक अभिनंदन ने बताया कि गत दिनों लगातार सूचना मिल रही थी कि वाराणसी-मीरजापुर सीमा पर कई चोरी की घटनाएं हो रही हैं।

## करवाचौथ पर पति ने कर दी ऐसी शर्मनाक हरकत, पत्नी ने दे दी जान, इलाके में सनसनी

**पूर्वी दिल्ली, 23 अक्टूबर [एजेंसी]।**

फर्श बाजार इलाके में पत्नी के मना करने के बाद भी एक शख्स शराब पीकर करवाचौथ पर घर पहुंच गया। आरोप है कि गुस्से में करवाचौथ का व्रत रखे महिला ने जहरीला पदार्थ खाकर जान दे दी। मृतक की पहचान पूजा (22) के तौर पर हुई है। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव स्वजन को सौंप दिया है। फर्श बाजार थाना ने महिला की मां अनीता की शिकायत पर उसके पति दीपक के खिलाफ खुदकुशी के लिए उकसाने समेत कई धाराओं में प्राथमिकी की है। महिला के पति से पूछताछ कर पुलिस मामले की जांच कर रही है। स्थानीय एसडीएम भी जांच कर रहे हैं।मूलरूप से बिहार के मधुबनी की रहने वाली अनीता देवी परिवार के साथ विश्वास नगर में रहती हैं। परिवार में पति व तीन बेटियां हैं। पुलिस को दी गई शिकायत में बताया कि वर्ष



2020 में उनकी सबसे छोटी बेटी पूजा से दीपक नाम के युवक ने जबरन प्रेम विवाह किया था।आरोप है कि शादी के कुछ माह बाद दीपक ने शराब पीकर अपनी पत्नी के साथ मारपीट शुरू कर दी। रविवार को करवा चौथ पर पूजा ने पति की लंबी आयु के लिए व्रत रखा था। उसने अपने पति से कहा कि वह करवा चौथ पर घर से बाहर नहीं जाएगा और शराब नहीं पीएगा। लेकिन पति ने उसकी बात नहीं मानी। वह शाम को घर से बाहर चला गया।इस बात को लेकर महिला का अपने पति से फोन पर विवाद हुआ। रात आठ बजे राहुल ने अपनी सास को फोन करके बताया कि पूजा ने कोई जहरीला पदार्थ खा लिया है। उसकी तबीयत बिगड़ गई है, उसे उसे डा. हेडगेवार अस्पताल लेकर जा रहा है। वहां से उसे जीटीबी अस्पताल रेफर कर दिया। रास्ते में महिला ने दम तोड़ दिया।वहीं दूसरी तरफ पश्चिमी दिल्ली के जनकपुरी में करवाचौथ के दिन एक पत्नी ने अपने ब्रेन डेड पति के अंगदान का फैसला लिया। जिसके बाद अमृता अस्पताल फरीदाबाद में लीवर दान किया गया। मणिपाल अस्पताल के डॉक्टरों की टीम ने मृतक शैलेन्द्र सिंह का लीवर और कार्निया निकालकर तीन लोगों को जीवनदान दिया है। महिला के इस साहसिक कदम की हर तरफ चर्चा हो रही है।

## रूस पहुंचे उत्तर कोरिया के 1500 सैनिकों ने बढ़ाई टैंशन, दक्षिण कोरिया ने कहा- तत्काल वापस बुलाएं



**सिओल, 23 अक्टूबर [एजेंसी]।**

दक्षिण कोरिया ने सोमवार को रूस में तैनात उत्तर कोरियाई सैनिकों को तत्काल वापस बुलाने की मांग की है। इसके साथ ही उसने प्योंगयांग और मॉस्को के बीच बढ़ते सैन्य सहयोग का विरोध करने के लिए रूसी राजदूत को तलब किया है। दक्षिण कोरिया की जासूसी एजेंसी ने पुष्टि की है कि यूक्रेन के खिलाफ मॉस्को के युद्ध का समर्थन करने के लिए उत्तर कोरिया ने रूस में 1,500 विशेष ऑपरेशन बल भेजे हैं।दक्षिण कोरिया से पहले यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने कहा था कि उनकी सरकार को खुफिया जानकारी मिली है कि 10 हजार उत्तर कोरियाई सैनिकों को रूसी सेना में शामिल होने के लिए तैयार किया जा रहा है।रूसी दूत जार्जी जिनोविएव के साथ एक बैठक के दौरान उप विदेश मंत्री किम होंग क्यून ने कहा कि दक्षिण कोरिया वैश्विक समुदाय के साथ मिलकर अपने राष्ट्रीय सुरक्षा हितों को खतरे में डालने वाली कार्रवाई से निपटने के लिए सभी साधन जुटाएगा।रूसी दूतावास ने जिनोविएव के हवाले से कहा कि रूसी-उत्तर कोरियाई सहयोग का उद्देश्य दक्षिण कोरिया के सुरक्षा हितों के खिलाफ नहीं है। रूसी अधिकारियों ने मंगलवार को कहा कि यूक्रेन से रात भर हुए ड्रोन हमलों के कारण एक इथेनाल संयंत्र में विस्फोट से आग लग गई और रूस में दो अन्य शराब उत्पादक संयंत्रों को नुकसान पहुंचा है। टैम्बोव के गवर्नर मैक्सिम येगोरोव ने टेलीग्राम मैसेजिंग एप पर कहा कि विस्फोट से रूस के टैम्बोव क्षेत्र में बायोखिम जैव रासायनिक संयंत्र को हिलाकर रख दिया, जिससे थोड़ी देर के लिए आग लग गई थी। येगोरोव ने कहा कि हमले में कोई हताहत नहीं हुआ है। इस बीच उत्तर कोरिया ने दक्षिण कोरिया और अमेरिका के आरोपों का खंडन किया है। दोनों देशों ने उत्तर कोरिया पर रूस की सेनाओं को हथियार मुहैया कराने का आरोप लगाया। उत्तर कोरिया ने दक्षिण कोरिया की जासूसी एजेंसी के इस दावे की आलोचना की, जिसमें कहा गया कि प्योंगयांग ने अपने विशेष बलों को रूस भेजा है।

## इजरायल से तनाव के बीच ईरान के राष्ट्रपति से मिले पीएम मोदी, पेजेश्कियान को भारत आने का दिया न्योता

**कजान, 23 अक्टूबर [एजेंसी]।**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को रूस में ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियान से मुलाकात की। जुलाई में ईरान का राष्ट्रपति चुने जाने के बाद मोदी से इस पहली मुलाकात में पेजेश्कियान ने पश्चिम एशिया में शांति की जरूरत एवं तनाव कम करने में भारत की भूमिका पर बल दिया क्योंकि उसके सभी पक्षों के साथ अच्छे संबंध हैं। ब्रिक्स सम्मेलन से इतर इस मुलाकात में दोनों नेताओं के बीच चाबहार बंदरगाह और अंतरराष्ट्रीय उत्तर-दक्षिण परिवहन गलियारे (आईएनएसटीसी) पर भी बात हुई। पीएम मोदी ने एक्स पर पोस्ट में लिखा कि राष्ट्रपति पेजेश्कियान के साथ मुलाकात अच्छी रही और उन्होंने रिश्तों की समीक्षा की। विदेश सचिव



विक्रम मिसरी ने कहा कि वार्ता उपयोगी रही। दोनों नेताओं ने पश्चिम एशिया में जारी तनाव पर चिंता जताई और भारत ने नागरिकों की सुरक्षा का आह्वान किया। मिसरी ने बताया कि दोनों नेताओं ने अफगानिस्तान की स्थिति पर भी चर्चा की। प्रधानमंत्री ने ईरानी राष्ट्रपति को भारत आने का न्योता दिया जिसे उन्होंने स्वीकार कर लिया। दोनों नेताओं के बीच यह मुलाकात ऐसे समय हुई है जब इजरायल, हमास और हिजबुल्ला के बीच संघर्ष बढ़ गया है। उल्लेखनीय है कि बढ़ते तनाव से चिंतित मोदी ने सितंबर में संघर्ष विराम की अपील की थी। उधर, ब्रिक्स सम्मेलन से पहले रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने भी द्विपक्षीय बैठक की। पुतिन ने मंगलवार को ही ब्रिक्स सम्मेलन में आमंत्रित नेताओं के लिए रात्रिभोज का आयोजन भी किया।

कजान पहुंचने पर भारतीय समुदाय के सदस्यों ने प्रधानमंत्री मोदी का गर्मजोशी से स्वागत किया। उन्होंने संस्कृत व हिंदी में गाने गाए और वंदे मातरम व भारत माता की जय के नारे भी लगाए। प्रधानमंत्री ने हाथ जोड़कर उनका अभिवादन किया। पारंपरिक भारतीय परिधान पहने रूसी कलाकारों ने प्रधानमंत्री के समक्ष रूसी नृत्य प्रस्तुत किया जिसे उन्होंने काफी दिलचस्पी से देखा। कुछ इस्कान सदस्यों ने कृष्ण भजन भी गाए।रूस के कजान शहर में ब्रिक्स सम्मेलन 2024 का आयोजन हो रहा है। दो दिवसीय सम्मेलन की अध्यक्षता रूस कर रहा है। बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात करेंगे। दोनों नेताओं के बीच द्विपक्षीय वार्ता होगी। इसकी पुष्टि भारतीय विदेश मंत्रालय ने की है।

# वनांचल में कई परिवारों की खुशियां का केन्द्र बन रहा है ग्राम अमृतपुर का अमृत सरोवर







**बैकुण्ठपुर।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आजादी के पचहत्तर वर्ष पूरे होने पर पूरे देश में आजादी के अमृत महोत्सव की गतिविधियों को प्रारंभ किया था। इसके तहत प्रत्येक विकासखण्ड में महात्मा गांधी नरेगा योजनांतर्गत प्रथम चरण में 25 अमृत सरोवरों का निर्माण भी शामिल किया गया था। जिसके तहत कोरिया जिले के सोनहत जनपद पंचायत में भी एक एकड़ से ज्यादा क्षमता के तालाबों का गहरीकरण,उन्नयन करते हुए उन तालाबों को अमृत सरोवर के तौर पर एक व्यवस्थित जल संसाधन तैयार किया गया। अब इन अमृत सरोवरों का पूरा लाभ स्थानीय ग्रामीणों और आस पास के किसानों को मिल रहा है।

इसी तरह का सोनहत वनांचल के ग्राम पंचायत अमृतपुर के गोंड़पारा में पूर्व से बने सेमरिया तालाब को भी अमृत सरोवर मिशन के अंतर्गत चयनित करते हुए तालाब का गहरीकरण व उन्नयन कार्य किया गया। जिससे अब यह आस पास के किसान परिवारों के लिए बहुपयोगी जल संसाधन साबित हो रहा है। इस अमृत सरोवर से स्थानीय जन निस्तार हेतु पानी प्राप्त कर रहे हैं साथ ही कई वनवासी परिवार इससे अपनी खेती सींचकर अच्छी फसल भी ले रहे हैं। सोनहत जनपद पंचायत के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत अमृतपुर में वर्षों पुराना एक तालाब था गोड़ समुदाय की बहुलता वाले इस मोहल्ले में पूर्व से बने इस तालाब को लोग सेमरिया तालाब के नाम से जानते थे। इस तालाब का सही रखरखाव ना होने से इसमें गाद की मात्रा बढ़ गई थी और जलसंचय काफी कम हो गया था। यहां रहने वाले आदिवासी परिवारों के सदस्य जगनारायण, बैजनाथ और दलबीर ने बताया कि देख रेख और साफ सफाई ना होने के कारण सेमरिया तालाब काफी ज्यादा खराब स्थिति में आ गया था। बारिश के दिनों में थोड़ा पानी रूकता था परंतु बारिश का मौसम खत्म होते ही यह सूखने लगता। सिंचाई की बात तो दूर, हमको निस्तार के लिए और पशुओं को पानी पिलाने के लिए ही बड़ी दिक्कत होती थी। ग्रामीणों ने बताया कि अमृत सरोवर के लिए चयनित होने के बाद ग्राम पंचायत को महात्मा गांधी नरेगा योजना के तहत लगभग दस लाख रूपए प्राप्त हुए। जिसमें हम सबने इस तालाब में गहरीकरण किया और तालाब के आस पास क्षेत्र में पूरी साफ सफाई की। इसके बाद हुई बारिश में यह तालाब अच्छी तरह से भर गया है। इस कार्य की तकनीकी देख रेख करने वाले तकनीकी सहायक प्रभात साहू ने बताया कि तालाब की लंबाई 80 मीटर और चौड़ाई 76 मीटर है। तालाब में भरपूर पानी होने से आस पास के खेतों में भी खूब नमी है और यहां लगभग 13 एकड़ खेतों में अच्छी धान की फसल हुई है। यहां रहने वाले किसान श्री दलबीर, श्री जयमंगल ने बताया कि उन्होने अपने खेतों में धान की फसल के अलावा सब्जी और दलहन की फसल भी बोई है। गोंड़पारा में मनरेगा के तहत उन्नयन किए गए इस अमृत सरोवर में लगभग दस हजार घनमीटर से ज्यादा जल भराव हुआ है और इससे आस पास के क्षेत्र में जलस्तर समृद्ध हो रहा है। इस अमृत सरोवर से यहां के 25 परिवारों को इसका निस्तार व सिंचाई के साथ पशुपालन हेतु सीधा लाभ प्राप्त हो रहा है।

पुलिस स्मृति दिवस

## शहीद वीर जवानों को किया गया याद





कोरिया 21 अक्टूबर 2024/पूरे देश के साथ ही छत्तीसगढ़ राज्य के कोरिया जिले में भी आज पुलिस स्मृति दिवस के मौके पर कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए अपने प्राणों की आहुति देने पुलिस के अमर शहीदों को बैकुंठपुर के पुलिस परेड ग्राउंड में श्रद्धांजलि अर्पित की गई और इन शहीद वीर जवानों को याद किया गया। प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर बैकुंठपुर के विधायक श्री भईया लाल राजवाड़े, जिला पंचायत के अध्यक्ष श्रीमती रेणुका सिंह, अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री विनय प्रधान, कलेक्टर श्रीमती चन्दन त्रिपाठी, पुलिस अधीक्षक श्री सूरज सिंह परिहार, मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले के पुलिस अधीक्षक श्री चंद्रमोहन सिंह, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी सहित वरिष्ठ जनप्रतिनिधियों, कोरिया एवं एमसीबी जिले के वरिष्ठ अधिकारियों, पत्रकारों द्वारा पुष्पांजलि अर्पित कर उन जवानों की शौर्यता को याद किया गया, जिन्होंने देश की रक्षा करते हुए अपने प्राणों की आहुती दे दी। कार्यक्रम में शहीद के परिजनों का सम्मान भी किया गया। बता दें 27 अप्रैल 2013 को श्री संतोष एक्का, थाना- तकोड़ी, जिला-कांकेर, 11 मई 2011 को श्री हसनैन अंसारी, ग्राम भेजी, जिला दन्तेवाड़ा सी.आर.पी.एफ. दूसरी वाहिनी, 15 मार्च 2007 को श्री बृजभूषण लाल श्रीवास्तव नौवीं वाहिनी रानी बोदली, जिला-दन्तेवाड़ा, श्री हरकेश प्रसाद 1 फरवरी 2016 को 122वी वाहिनी सीमा सुरक्षा बल, पखांजूर ने अपने कर्तव्य का निर्वहन करते व नक्सलियों से बहादुरी से सामना करते हुए अपने प्राण न्यौछावर कर दिए। इसी तरह 19 अगस्त 2011 को श्री राजेश कुमार पटेल, दूसरी वाहिनी छ.ग. सशस्त्र बल ने अपने कर्तव्य का निर्वहन करते हुए भद्रकाली, जिला बीजापुर में अपने प्राण न्यौछावर कर दिए, इन्हें मरणोपरान्त राष्ट्रपति वीरता पदक प्राप्त हुआ है। कोरिया पुलिस अधीक्षक श्री सूरज सिंह परिहार ने इस अवसर पर कहा कि पुलिस स्मृति दिवस हर वर्ष मनाया जाता है, इस दिन पुलिस कर्मियों के बलिदान को याद किया जाता है। गौरतलब है कि आज से 64 वर्ष पहले अक्टूबर 1959 लद्दाख के दुर्गम क्षेत्र में भारतीय पुलिस की एक छोटी टुकड़ी के जवानों ने मातृभूमि की रक्षा करते हुए अपने प्राण न्यौछावर कर दिए थे, तभी से प्रति वर्ष 21 अक्टूबर को देश के कोने-कोने में दिवंगत शूरवीरों की स्मृति में यह पुलिस परेड का आयोजन किया जाता है। उन्होंने बताया कि देश की आजादी के बाद से अब तक राष्ट्र की अखण्डता और देशवासियों की सुरक्षा में अनेक पुलिस कर्मियों ने अपना बलिदान दिया है। उन्होंने बताया कि पिछले एक वर्ष के दौरान 216 पुलिस के अधिकारी, कर्मचारियों ने अपने प्राण न्यौछावर किए है।

## युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए 30 तक कौशल विकास पखवाड़ा आयोजित

**कोरिया।** युवाओं को रोजगार और स्वरोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से कोरिया जिले के विभिन्न विकासखंडों में 30 अक्टूबर तक कौशल विकास पखवाड़ा आयोजित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के तहत प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना, मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, प्रधानमंत्री जन मन योजना और आजीविका विकास कार्यक्रम जैसी योजनाओं के अंतर्गत युवाओं को प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। कौशल प्रशिक्षण के वार्षिक लक्ष्यों को पूरा करने और ग्रामीण क्षेत्रों के युवाओं को इससे जोड़ने के लिए, आईटीआई कटगोड़ी में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) सोनहत श्री राकेश कुमार साहू ने कहा कि अधिक से अधिक युवाओं को इन योजनाओं के तहत प्रशिक्षित कर रोजगार और स्वरोजगार के अवसर दिए जाएंगे। उन्होंने शिविरों के आयोजन के लिए गांवों में मुनादी कराने और प्रशिक्षण प्राप्त युवाओं को स्वरोजगार के लिए ऋण उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए। आयोजित शिविर में कुल 237 हितग्राही शामिल हुए हैं, जिनमें से 152 युवाओं ने विभिन्न ट्रेडों में प्रशिक्षण प्राप्त करने की रुचि व्यक्त की है। इस कौशल पखवाड़ा के अंतर्गत 23 अक्टूबर को सोनहत और 25 अक्टूबर को पटना में शिविरों का आयोजन किया जाएगा, जहां युवाओं को विभिन्न योजनाओं के तहत प्रशिक्षण और सहायता प्रदान की जाएगी।

## छत्तीसगढ़ रोजगार ऐप के संबंध में कार्याशाला का हुआ आयोजन

**सूरजपुर।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र सूरजपुर के द्वारा पंडित रवि शंकर त्रिपाठी शासकीय महाविद्यालय भैंयाथान एवं शासकीय महाविद्यालय ओड़गी में छत्तीसगढ़ रोजगार ऐप के संबंध में कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्याषाला में रोजगार कार्यालय में पदस्थ श्रीमती सुक्रिता कुर्रे, डाटा एण्ट्री ऑपरेटर द्वारा छत्तीसगढ़ रोजागर ऐप के बारें मे विस्तृत जानकारी दी गई। जिसमें इनके द्वारा बताया गया की रोजगार पंजीयन, नवीनीकरण, योग्यता जोड़ना एवं विज्ञापन इस ऐप के माध्यम से प्राप्त कर सकते है। छत्तीसगढ़ रोजागर ऐप के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त किये एवं अपने स्मार्ट फोन में रोजगार ऐप डाउनलोड किया गया। जिसमें लगभग 80 छात्र, छात्राएं तथा शिक्षक उपस्थित रहे।

## 24 को जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति का किया जायेगा

**सूरजपुर।** जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति (दिशा) की बैठक श्री चिन्तामणि महाराज सांसद, सरगुजा संसदीय क्षेत्र एवं अध्यक्ष जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति की अध्यक्षता में 24 अक्टूबर को दोपहर 12:00 बजे से कार्यालय जिला पंचायत सूरजपुर के सभाकक्ष में आयोजित किया जाना है।

## निर्वाचक नामावली के संबंध में दावा आपत्ति प्राप्ति की अंतिम तिथि 30 तक

**सूरजपुर।** नगरपालिका निर्वाचक नामावली पुनरीक्षण कार्यक्रम जारी किया गया है। जिलों से प्राप्त अनुरोध पर आयोग द्वारा विचार उपरांत पूर्व में दावा, आपत्ति प्राप्त करने की अंतिम तिथि 23 अक्टूबर में एक सप्ताह की वृद्धि करते हुए 30 अक्टूबर को अंतिम तिथि नियत करते हुए छत्तीसगढ़ नगरपालिक निगम अधिनियम, तथा छत्तीसगढ़ नगरपालिका निर्वाचन नियम, 1994 के नियम 8 (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए एवं नियम 4. 5 एवं 6 की अपेक्षानुसार छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग एतद् द्वारा 01 जनवरी 2024 की संदर्भ तिथि के आधार पर फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली तैयार करने के लिए पूर्व में जारी कार्यक्रम (समय अनुसूची) आदेशों में संशोधन निर्धारित किया गया है।

## प्राथमिक शाला जंजालीपारा कौशलपुर में नेवता भोजन का हुआ आयोजन

**सूरजपुर।** कलेक्टर रोहित व्यास, जिला शिक्षा अधिकारी सूरजपुर राम ललित पटेल के मार्गदर्शन में विकासखंड रामानुजनगर के प्राथमिक शाला, माध्यमिक शाला में न्योता भोजन का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में प्राथमिक शाला जंजालीपारा कौशलपुर में छात्रों के बीच नेवता भोजन का आयोजन हुआ। सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी रामानुजनगर मनोज कुमार साहू ने ''शिव शक्ति महिला स्व.सहायता समूह'' की अध्यक्ष के बच्चे का जन्मदिन पर नेवता भोजन दिए जाने और भोजन के गुणवत्ता की सराहना की। भोजन में दाल चावल, पूरी, सब्जी छात्रों को दिया गया। उन्होंने आह्वान किया कि समाज के व्यापारी, किसान समाजसेवी, कर्मचारी, जनप्रतिनिधि अपने आस-पास स्कूलों में बच्चों के बीच बढ़ कर नेवता भोजन का आयोजन करें।

## टीएल की बैठक में जलजीवन मिशन और धान खरीदी की व्यवस्था पर हुआ मंथन





**कोरिया।** जिला मुख्यालय में आयोजित समय-सीमा की बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी ने आज विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की और महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए। आय, जाति और निवास प्रमाण-पत्रों को मिशन मोड में बनाकर छात्रों को जल्द से जल्द प्रदान करने की बात पर जोर दिया गया। उन्होंने राजस्व, शिक्षा और विकासखण्ड अधिकारियों को प्रमाण-पत्र प्रक्रिया में आ रही समस्याओं का शीघ्र समाधान करने के निर्देश दिए।

बैठक में जिले के छात्रावासों, स्वास्थ्य केंद्रों और आंगनवाड़ी केंद्रों का नियमित निरीक्षण करने की हिदायत दी गई। सभी अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि निरीक्षण के दौरान समस्याओं का प्रतिवेदन तैयार करें ताकि समय पर समाधान हो सके। धान खरीदी के संदर्भ में अधिकारियों को केन्द्रवार आवश्यक तैयारियां करने के निर्देश दिए गए। अगले महीने से शुरू होने वाली धान खरीदी के मद्देनज़र, किसानों की पंजीकरण प्रक्रिया को सुचारू बनाने के लिए भी निर्देशित किया गया। सड़कों पर मवेशियों की सुरक्षा को लेकर पशु विभाग को राज्य मार्ग और राष्ट्रीय राजमार्ग पर घूमने वाले मवेशियों के गले में रेडियम बेल्ट व सींगों में रेडियम लगाने के निर्देश दिए गए। राष्ट्रीय राजमार्ग के अधिकारियों से कहा है कि सड़क के किनारे सूचना भी पटल भी लगाएं। साथ ही अनुकम्पा नियुक्ति प्रकरणों पर त्वरित गति से कार्यवाही करने पर जोर दिया और अनधिकृत अनुपस्थित कर्मचारियों पर भी कार्रवाई की समीक्षा की गई। डॉ चतुर्वेदी ने प्रधानमंत्री आवास योजना की समीक्षा की। उन्होंने जल जीवन मिशन की समीक्षा करते हुए कहा कि समय पर अपूर्ण कार्य को पूरा करें। उन्होंने विभिन्न विभागों के लंबित प्रकरणों पर सिलसिले वार जानकारी प्राप्त की और सम्बंधित अधिकारियों को छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय में लंबित प्रकरणों का जवाबदावा समय पर जमा करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी जिला अधिकारियों को छत्तीसगढ़ राज्योत्सव 1 नवम्बर के अवसर पर शासकीय भवनों में प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने जनदर्शन व जिला स्तरीय जन समस्या निवारण शिविरों में प्राप्त आवेदनों का निराकरण समय पर करने व सम्बंधित को अवगत कराने के निर्देश भी दिए हैं। आज जनदर्शन में 40 आवेदकों ने अपनी विभिन्न समस्याओं और मांगों के सम्बंध में आवेदन प्रस्तुत किए। सीईओ डॉ चतुर्वेदी ने इन आवेदनों को सम्बंधित अधिकारियों को उपलब्ध कराते हुए यथाशीघ्र निराकरण करने को कहा और आवेदकों को इस बाबत जानकारी भी देने को कहा गया।

सीईओ डॉ चतुर्वेदी ने सभी विभागों के आहरण एवं संवितरण अधिकारियों को माह अक्टूबर, 2024 का वेतन/मजदूरी/ मानदेय/ पारिश्रमिक भुगतान समय पर हो इसके लिए जिला कोषालय में देयक तत्काल जमा करने के निर्देश दिए हैं। बता दें वित्त निर्देश 24/2024 के निर्देश के तहत राज्य शासन द्वारा छत्तीसगढ़ कोषालय संहिता भाग एक के सहायक नियम 206 (2) में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए यह निर्णय लिया गया है कि माह अक्टूबर, 2024 के वेतन का भुगतान दीपावली पर्व के दृष्टिगत 28 अक्टूबर, 2024 एवं पश्चातवर्ती तिथियों में किया जाए। शासन ने यह भी निर्णय लिया गया है कि व्यावसायिक सेवाओं हेतु अदायगी मद (जिससे कार्मिकों को भुगतान किया जाता हो) से किये जाने वाले भुगतान भी 28 अक्टूबर, 2024 एवं पश्चातवर्ती तिथियों में किया जाये ताकि कार्मिकों को मजदूरी/ पारिश्रमिक/मानदेय का भुगतान किया जा सकें। राज्य शासन के निगम/ मंडल/ प्राधिकरण/ आयोग/ विश्व विद्यालय /स्थानीय निकाय/ सार्वजनिक उपक्रम/ अन्य एजेंसी/ संस्थान भी अपनी वित्तीय स्थिति को दृष्टिगत रखते हुए उपरोक्तानुसार भुगतान पर विचार कर सकते हैं।

## कोरिया जिले का राज्य स्तरीय जूनियर रेडक्रॉस जम्बूरी में शानदार प्रदर्शन

**कोरिया।** छत्तीसगढ़ राज्य रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा दुर्ग के भारती विश्वविद्यालय, पुलगांव में आयोजित राज्य स्तरीय जूनियर रेडक्रॉस जम्बूरी में कोरिया जिले की टीम ने उल्लेखनीय प्रदर्शन किया। 18 से 22 अक्टूबर तक आयोजित इस कार्यक्रम में कोरिया जिले की टीम ने तीन प्रमुख प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान हासिल कर राज्यभर में जिले का नाम रोशन किया। कोरिया जिले की टीम ने गणवेश प्रतियोगिता, प्रदर्शनी, और बेस्ट कैडेट (बालक) की श्रेणियों में शीर्ष स्थान प्राप्त किया। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सोनहत के छात्र रमेश कुमार को बेस्ट कैडेट (बालक) के खिताब से सम्मानित किया गया। इस उपलब्धि पर जिले में हर्ष का माहौल है। राज्य स्तरीय इस जम्बुरी में छत्तीसगढ़ के 33 जिलों से 907 छात्र-छात्राएं एवं 107 प्रभारी सम्मिलित हुए जम्बुरी का उद्घाटन 19 अक्टूबर को संभागायुक्त दुर्ग सत्यनारायण राठौर के मुख्य आतिथ्य और पुलिस महानिरीक्षक रामगोपाल गर्ग की अध्यक्षता रेडक्रास सोसायटी के सीईओ एवं जनरल सेक्रेटरी श्री एम. के. राउत, चेयरमैन अशोक कुमार अग्रवाल की विशेष उपस्थिति में हुआ। जम्बूरी के दौरान प्रतिभागियों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गई, जिनमें मार्चपास्ट, लोकनृत्य, रंगोली, क्विज, फर्स्ट एड, पेंटिंग, और हस्तकला जैसे कार्यक्रम शामिल थे। समापन समारोह में मुख्य अतिथि प्रदेश के राज्यपाल श्री रमेन डेका ने कोरिया जिले की टीम को तीन प्रतिस्पर्धाओं में अव्वल रहने पर विशेष रूप से बधाई दी। इस मौके पर कोरिया जिले की टीम ने राज्यपाल को परंपरागत खुमरी और ढेकी भेंट की, जिसे राज्यपाल ने प्रसन्नता से स्वीकार किया। जिले से भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी की अध्यक्ष एवं कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी के निर्देशानुसार, जूनियर रेडक्रॉस जिला उपसमिति के अध्यक्ष एवं जिला शिक्षा अधिकारी जितेंद्र कुमार गुप्ता के निर्देशन में प्रशिक्षित किया गया था। जिला कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी ने इन सभी बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए कहा है कि इस दूरस्थ जिले के इस प्रतिभावान बच्चों ने जिले का मान बढ़ाया है, यह सबके लिए गौरव की बात है। कोरिया जिले के विजेताओं को राज्यपाल द्वारा सम्मानित किया गया और जिले की इस शानदार उपलब्धि की सराहना पूरे राज्य में की जा रही है। जिला दल प्रभारी सुरेंद्र कुमार, काउंसलर अशोक कुमार साहू और महिला काउंसलर आशा एक्का ने टीम का नेतृत्व किया।




## आकांक्षी ब्लॉक प्रतापपुर के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सिलौटा में दो दिवसीय राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक दल का हुआ कार्यक्रम

**सूरजपुर।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) अंतर्गत एस्पिरेशनल ब्लॉक प्रतापपुर के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सिलौटा में कलेक्टर रोहित व्यास के निर्देश पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी तथा डीपीएम के मार्गदर्शन में दो दिवसीय एनक्वास राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक प्रमाणीकरण अंतर्गत पहले दिन राष्ट्रीय टीम द्वारा संस्था का मूल्यांकन सभी आठ मानक में से प्रथम चरण का मूल्यांकन डॉ. बी. बृजराज एवं डॉ. अंचला द्वारा किया गया है। जिसका उद्देश्य संस्था से संचालित सार्वजनिक स्वास्थ्य सुविधाओं एवं सेवाओं में मानक अनुरूप गुणवत्तापूर्ण सेवाएं संचालित हैं या नहीं को सुनिश्चित करना तथा सेवाओं में हितग्राहियों के अनुभव को बेहतर बनाने के लिए इसमें अपेक्षित सुधार करना है, नेशनल मूल्यांकन टीम के मूल्यांकनकर्ताओं द्वारा विभिन्न पहलुओं जिसमें अस्पताल की सेवाओं और संतुष्टि स्तर का विभिन्न मानकों पर परीक्षण किया गया है। इनमें उपलब्ध सेवाएँ, मरीजों के अधिकार, इनपुट, सपोर्ट सर्विसेज, क्लिनिकल सर्विसेस, इन्फेक्शन कंट्रोल, गुणवत्ता प्रबंधन और आउटकम जैसे पैरामीटर शामिल हैं। गुणवत्ता प्रबंधन के और कई अन्य पहलुओं पर अस्पताल के 8 विभागों का मूल्यांकन किया तथा संस्था एवं आस-पास के फील्ड में पदस्थ सभी स्टाफ मितानिनो एवं स्वीपर का इंटरव्यू लिया गया। जिसमें सभी खरे उतरे और क्लिनिकल लैब, कोल्ड चौन, मरीज को कैसे ट्रीटमेंट किया जाता है, सभी विभाग की चेकलिस्ट प्रोटोकॉल तथा आधारित पंजी को 'नेशनल टीम के द्वारा असेसमेंट किया गया। इसके बाद प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र धरमपुर, रमकोला, पम्पापुर तथा जल्द ही प्रतापपुर ब्लॉक के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिलौटा को एनक्यूएएस के लिए सर्टिफाइड की प्रक्रिया किया जाना है। जिससे आम लोगों को स्वास्थ्य केंद्र से बेहतर सुविधाएं प्रदान किया जा सके। प्रतापपुर ब्लॉक को कैसे हम एस्पिरेशनल से इस्पायरेशनल बना सके, इसके लिए सभी स्टाफ को राष्ट्रीय टीम द्वारा ब्रीफिंग आयोजन कर जानकारी दिया गया। मूल्यांकन के दौरान जिले से आई आरएमएंनसीएचए सलाहकार एवं जिला नोडल सुभम श्रीवास्तव, सहयोगी संस्था जपाइगो से रुद्रप्पा अंगाडी, प्रतापपुर के बीएमओ डॉ. विजय सिंह, बीपीएम सतीश श्रीवास्तव, ब्लॉक फेलो एबीपी विनोद प्रजापति बीईटीओ हफिज अंसारी, ब्लॉक टीकाकरण नोडल राजेश वर्मा, बीडीएम विनीत खरे, ब्लॉक नोडल कमलेश सोनी, सोनगरा प्रभारी मीना राजवाड़े, मो. राजा, आरएमएंनसीएच काउंसलर अंजली साहू, ब्लॉक लेप्रोसी नोडल चिरंजीवी सिन्हा, व्हिबीटीएस उत्तरा कुमार, एसटीएस रामबिलास, संस्था के वरिष्ठ एएमओ डॉ. यू.पी. मिश्रा, संस्था प्रभारी जावेद खान एवं संस्था में पदस्थ समस्त स्टाफ सहयोगी स्टाफ आरबीएसके चिकित्सक एवं टीम, सेक्टर सुपरवाइजर एवं समस्त आरएचओ, मितानिन कार्यक्रम से बीसी, एम टी एवं क्षेत्र के सभी मितानिन उपस्थित थे।

## दीपावली पर्व : अग्निशमन व्यवस्था को दुरुस्त रखने के निर्देश



**रायपुर।** दीपावली पर्व को दृष्टिगत रखते हुए अग्नि सुरक्षा उपायों के संबंध में बरती जाने वाली सावधानियों से संबंधित महत्वर्पण दिशा-निर्देश / एडवाइजरी जारी की गई है। अग्नि सुरक्षा उपायों के संबंध सावधानी बरतने की अपील की। जिला सेनानी एवं जिला अग्निशमन अधिकारी ने बताया कि पटाखा दुकान किसी भी ज्वलनशील पदार्थ जैसे कपड़ा, बांस, रस्सी, टेंट इत्यादि का न होकर अज्वलनशील सामाग्री से बने टिन शेड द्वारा निर्मित होना चाहिए। पटाखा दुकान एक दुसरे ये कत ये कम तीन मीटर की दूरी (साइड) पर एवं दूसरे के सामने न बनाई जाए। पटाखा दुकानों में प्रकाश व्यवस्था हेतु किसी भी प्रकार के तेल का लैप, गैस लैम्प, एवं खुली बिजली बत्ती का प्रयोग प्रतिबंधित होना चाहिए। किसी भी पटाखा दुकान से 50 मीटर कू अंदर आतिशबाजी प्रदर्शन प्रतिबंधित होनी चाहिए। विद्युत तारों में ज्वाइंट खुला नही होना चाहिए एवं प्रत्येक मास्टर स्विच में फ्युज या सर्किट ब्रेकर लगा होना चाहिए, जिस्से शार्ट सर्किट की स्थिति में विद्युत प्रवाह स्वत: बंद हो जाए। दुकाने ट्रांसफार्मर के पास न हो और उनके ऊपर से हाई टेंशन पावर लाईन न गुजरी हो।

## सत्ता परिवर्तन के बाद भी पुराना खेल अपनी जगह पर बरकरार

# रेत तस्करी : बिना नंबर के सैकड़ों ट्रैक्टर के जरिए किया जा रहा खनन व परिवहन

### सुबह से रात तक बेखौफ चल रहा यह कारनामा



**कोरबा।** भले ही हर मामले को लेकर कई प्रकार के नियम-कानून बने हैं लेकिन कोरबा जिले में बहुत सारे कामकाज मनमाने तरीके से चल रहे हैं और वह भी प्रशासन की आंखों के सामने। हसदेव, अहिरन, तान और सोन नदी से रेत तस्करी और परिवहन का काम लंबे समय से जारी है। शहरी क्षेत्र में हद यह है कि बिना नंबर के ट्रैक्टर इस काम में लगे हैं और सिस्टम की चुगली कर रहे हैं। यह काम किसके संरक्षण से चल रहा है इसकी पुष्टि नहीं हुई है लेकिन सवाल तो उठ रहे हैं।

15 अगस्त से 15 अक्टूबर तक नेशनल ग्रीन ट्रीब्यूनल के द्वारा सभी क्षेत्रों में रेत खनन पर प्रतिबंध लगाया गया था। इस दौर में भी जब नदियों में पानी की मात्रा काफी होती है, तब भी कोरबा जिले में रेत तस्करी के काम में संलिप्त गैंग ने अपनी जबरदस्त भूमिका निभाई और यह साबित कर दिया कि उसे न तो किसी का खौफ है और न किसी से लेना-देना। उनका काम पहले भी चलता रहा है और अब भी यूं ही चलता रहेगा। प्रशासन के द्वारा बनाए गए नियमों के अनुसार कोरबा जिले के लिए भले ही विभिन्न नदी-नालों से रेत खनन के लिए पार्टियों को अनुज्ञप्ति जारी की गई है लेकिन सूत्र बताते हैं कि इन्हें आवंटित लीज एरिया के मुकाबले बड़े हिस्से से अवैध खनन और परिवहन का काम दूसरे लोग कर रहे हैं। कहा जाता है कि सत्ता और विपक्ष के कुछ नेताओं का संरक्षण इन्हें अघोषित रूप से मिला हुआ है। ऐसे में किसी प्रकार की कार्रवाई करने को लेकर मानसिकता नहीं बनाई जा रही है। आलम यह है कि सुबह से लेकर रात तक रेत खनन और परिवहन का यह सिलसिला बदस्तूर बना हुआ है। सबसे हैरान करने वाली बात यह है कि परिवहन के काम में सैकड़ों की संख्या में नियोजित बिना नंबर के ट्रैक्टर रेत तस्करों के लिए वरदान बने हुए हैं। नियमित रूप से ऐसे वाहनों को अवैध परिवहन करते हुए शहर और उपनगर की सड़कों पर देखा जा रहा है। लेकिन ये अब तक परिवहन विभाग से लेकर माइनिंग और ट्रैफिक पुलिस की नजर से ओझल हैं।

### सरकार को लग रही चपत

रेत की चोरी जिस हिसाब से कोरबा जिले की नदियों से हो रही है उसे लेकर कहा जा रहा है कि प्रतिदिन हजारों क्यूबिक मीटर रेत की अवैध निकासी के जरिए सरकार को बड़ी चपत लगाई जा रही है। तस्करों को बिना रायल्टी का भुगतान किए रेत मिल रही है और वे दूसरों की आवश्यकता को पूरा कर मोटी कमाई कर रहे हैं। उनकी हरकतों से यह भी स्पष्ट हो रहा है कि सरकार चाहे किसी की हो लेकिन उनके अवैध काम को कोई भी नहीं रोक सकता।

### फिटनेस जांच तक सीमित परिवहन विभाग

रेत चोरी के काम में काफी संख्या में बिना नंबर के वाहनों का सतत उपयोग होना दर्शाता है कि तस्करों की गैंग सरकारी तंत्र पर हावी है। ट्रांसपोर्ट डिपार्टमेंट को अवैध रूप से चलने वाले सभी प्रकार के वाहनों पर नजर रखने के साथ कार्रवाई करने के न केवल निर्देश मिले हैं बल्कि शक्तियां भी प्राप्त हैं। इतना सब कुछ होने पर भी रेत परिवहन से जुड़ी हुई गाड़ियां उसे नहीं दिख रही हैं। यह बात अलग है कि समय-समय पर पब्लिक ट्रांसपोर्ट और स्कूल, कॉलेज की बसों की फिटनेस जांच के साथ पेनाल्टी लगाने का काम यह विभाग जरूर करता है।

### चौराहों पर है पुलिस की ड्यूटी

अलग-अलग काम को लेकर प्रशासन ने संबंधित विभागों के अमले को जिम्मेदारी दे रखी है। सामान्य और त्योहारी सीजन में विभिन्न चौराहों पर पुलिस के साथ-साथ ट्रैफिक का अमला ड्यूटी करता है। दिलचस्प बात यह है कि ऐसे क्षेत्रों से होकर रेत लोड गाड़ियां अक्सर गुजरती हैं। व्यवस्था पर नजर रखने के लिए हर तरफ पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे लगा रखें हैं जो यूनिफाइड कंट्रोल रूम से सीधे कनेक्टेड हैं। सवाल उठता है कि क्या बिना नंबर की गाड़ियां पुलिस कर्मियों और सीसीटीवी के निगाह में दृष्टिगोचर नहीं होती।

***लगातार की जा रही पेनाल्टी***

*नियमों के अंतर्गत जिले में मुख्य और गौण खनिज के खनन से लेकर परिवहन पर ध्यान दिया जा रहा है। मनमानी और लापरवाही को लेकर संबंधित प्रकरणों में लगातार जब्ती और पेनाल्टी की कार्रवाई की जा रही है। अप्रैल से अब तक ऐसे अनेक मामले बनाए गए हैं।*

***- खनिज अधिकारी, कोरबा***

## सौंदर्यीकरण अभियान पर पलीता लगा अवैध दुकानों से

कोरबा। तीन करोड़ रुपए खर्च कर नगर निगम ने सीएसईबी चौराहा से शारदा विहार क्रासिंग तक सड़क के किनारे चारदीवारी बनाई और उस पर आकर्षक पेंटिंग की। इसके अलावा विभिन्न प्रजाति के पेड़ पौधे लगाए। यह सब औद्योगिक नगर को सुंदर दिखाने के लिए किया गया। इस काम के पूरा होने से पहले ही इसके बीच के हिस्से में अवैध रूप से दुकानें लगना शुरू हुई। सब कुछ जानने के बावजूद नगर निगम ने न तो लोगों को रोका-टोका और न हटाया। देखते-देखते पूरा हिस्सा ऐसे ही अवैध दुकानों के शिकंजे में आ गया। दीपावली का सीजन आने के साथ बची हुई जगह इस तरह की दुकानों से पट गई है। इन सब कारणों से निगम के सौंदर्यीकरण अभियान पर पलीता लग गया है। लोगों का सवाल है कि जब किसी भी तरह की दुकान खोलने के लिए अनुमति पाने निगम के चक्कर लगाने पड़ते हैं तो उसके अधिकारी अवैध दुकानों को किस आधार पर खुलने देते हैं।

## जगह की कमी से दो कक्षाओं को एक कमरे में लगा रहे शिक्षक

**कोरबा।** लाख कोशिशों के बाद भी कोरबा जिले में सरकारी स्कूलों की स्थिति सुधरने का नाम नहीं ले रही। व्यवस्था को सुधारने के लिए पैसों को पानी की तरह बहाया जा रहा है,लेकिन नीतीजे नहीं निकल पा रहे है। शहर के बीचों बीच संचालित अंधरीकछार पूर्व माध्यमिक शाला का भी यही हाल है जहां भवनों की स्थिती जर्जर हो जाने के कारण एक ही भवन में दो-दो कक्षाओं का संचालन किया जा रहा है,जिससे छात्रों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

कोरबा के वीआईपी रोड पर संचालित शा.पूर्व.मा.शाला अंधरीकछार की स्थिती काफी खराब हो गई है। भवनों की दशा सही नहीं होने के कारण दो-दो कक्षाओं का संचालन एक ही भवन में करना पड़ रहा है। पहली और दूसरी कक्षा एक भवन में संचालित हो रही है वहीं तीसरी और चौथी कक्षा का संचालन भी एक ही भवन में करना पड़ रहा है। बताया जा रहा है,कि स्कूल का भवन जर्जर हो गया है। मरम्मत के अभाव में कोई हादसा ना हो इस कारण विकल्प के तौर पर एक भवन में दो दो कक्षाएं संचालित की जा रही है। शहरी क्षेत्रों के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों के सरकारी स्कूलों का भी यही हाल है,जहां कई तरह की समस्याएं पिछले लंबे समय से बनी हुई है। सरकारी पेंच में फंसे होने के कारण भवनों का उन्नयन नहीं हो पा रहा है,जिसका खामियाजा छात्रों को भुगतना पड़ रहा है।

## सरकारी योजना के ट्रेनर से रुपए मांगने पर प्राचार्य को किया निलंबित

**कोरबा।** करतला ब्लॉक के कोथारी में संचालित शा.उ.मा.विद्यालय के प्राचार्य और पूर्व मा.स्कूल के प्रधानपाठक को निलंबित कर दिया है। दोनों के उपर एक शिक्षक से पांच पांच हजार रुपए रिश्वत मांगने का आरोप लगा था। आरोप सही साबित होने पर दोनों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।

केंद्रीय रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण योजना के तहत करण कुमार बरेठ द्वारा कोथारी के शा.उ.मा.व पूर्व माध्यमिक विद्यालय की छात्राओं को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण दिया गया था। जिसके एवज में सरकार ने बतौर वेतन उसके खाते में 30 हजार रुपए की राशि अंतरित की गई। अब प्रचार्य कमला नारायण भाराद्वाज और प्रधानपाठक तुलाराम भारद्वाज द्वारा उससे रिश्वत के रुप में पांच पांच हजार रुपयों की मांग करने लगे। लिहाजा कमल बरेठ ने पैसे मांगने का वीडियो और ऑडियो बनाकर उसे ना केवल वायरल किया बल्की स्कूल शिक्षा विभाग को भी सौंपा,जिसके आधार पर मामले की जांच हुई जांच में मिल तथ्यों के आधार पर दोनों को निलंबित कर दिया गया।

## सक्सेना व गर्ग प्रभारी बनाए गए

**कोरबा।** भाजपा के द्वारा वरिष्ठ नेता पवन गर्ग व आकाश सक्सेना को सक्रिय सदस्य बनाने के लिए प्रभारी बनाया गया है। कोरबा जिले में सामान्य सदस्य बनाने के बाद अब सक्रिय सदस्य बनाने का काम शुरू हो गया है। प्रत्येक मंडलों में 20-20 सक्रिय सदस्य बनाए जाएंगे। कई ऐसे कार्यकर्ता हैं जिन्होंने 100 से अधिक सामान्य सदस्य बनाया है। कोरबा जिला आमंत्रित सदस्य संजय शर्मा ने अकेले 3000 सदस्य बनाया है। 3000 सदस्य बनाने वाले कार्यकर्ता का सम्मान होगा और वे मुख्यमंत्री के साथ भोजन भी करेंगे। इसी तरह अजा मोर्चा उरगा के मंडल अध्यक्ष कमलेश अनंत ने 200 सदस्य बनाए हैं। युवा मोर्चा चैतमा मंडल के अध्यक्ष बृजेश यादव व पोड़ी मंडल प्रभारी अनुराग दुहलानी ने भी 200 से अधिक सदस्य बनाए हैं। सक्रिय सदस्य बनने के लिए 100 सदस्य बनाना अनिवार्य बताया गया है।



**विभिन्न क्षेत्रों में अवरोधकों को हटाने पर काम :** त्योहारी सीजन में कोरबा शहर के विभिन्न मार्गों पर आवागमन का दबाव बढ़ रहा है। कई मौके पर जाम की स्थिति बन रही है। कई प्रकार के कारण इसके लिए जिम्मेदार बताए जा रहे हैं। एसपी के निर्देश पर ट्रैफिक टीम ने कुछ इलाकों में गलत तरीके से खड़े वाहनों को हटाया तो दुकानों के आसपास अनाधिकृत रूप से लगे सामानों को निकलवा दिया। इस कार्रवाई में एएसआई ईश्वरी लहरे, मनोज राठौर, हेड कांस्टेबल संतोष सिंह, राकेश साहू, बिंझवार आदि शामिल रहे।

## वरिष्ठ नेता परसाई ने बैठक ली

**कोरबा।** वरिष्ठ कांग्रेस नेता हरीश परसाई के द्वारा दीपका ब्लॉक का दौरा करते हुए ज्योति नगर में कार्यकर्ताओं की बैठक ली। यह बैठक नपा चुनाव के लिए हुई है। प्रत्येक वार्डों में अब बैठक होंगें इसकी शुरुआत ज्योति नगर से की गई है। ब्लॉक अध्यक्ष दिलीप सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि सभी वार्डों में वरिष्ठ नेता सूरज मानिकपुरी, तनवीर अहमद, केदारनाथ सिंह, विशाल शुक्ला सहित कई कार्यकर्ता जाएंगे। यह बैठक कार्यकर्ताओं में उत्साह लाने के लिए हो रहा है।

## वेलफेयर कमेटी के सदस्यों का इंतजार

**कोरबा।** कंपनी वेलफेयर कमेटी के सदस्य पिछले माह कोरबा एसईसीएल क्षेत्र में आकर अस्पताल व कालोनी का निरीक्षण करना चाहते थे। उनका कार्यक्रम भी तय हो चुका था लेकिन अचानक कार्यक्रम टाल दिया गया। वेलफेयर कमेटी के सदस्य जय मुखर्जी, राजेश साहू व एस.मूर्ति का कहना है कि एसईसीएल क्षेत्र में विकास कार्यों को लेकर वेलफेयर कमेटी के सदस्यों का कोरबा आना जरूरी है। उनके आगमन का इंतजार यहां के कोयला कामगार कर रहे हैं। वे यहां आकर चिकित्सालय, डिस्पेंसरी व कालोनी का निरीक्षण करेंगे। खासकर कालोनी क्षेत्र में नालियों की साफ-सफाई के अलावा पानी निकासी की व्यवस्था का अवलोकन करना भी जरूरी है।

## विधानसभा अध्यक्ष बंजारे ने बैठक ली

कोरबा। बसपा कोरबा विधानसभा के नवनियुक्त अध्यक्ष जितेंद्र बंजारे ने दौरा शुरू करते हुए भदरापारा में कार्यकर्ताओं की बैठक ली। यह बैठक नगर पालिक निगम चुनाव को देखते हुए लिया गया। बालको क्षेत्र में बसपा काफी मजबूत स्थिति में है। कई बार यहां प्रत्याशी कुछ ही मतों से पिछड़ जाते हैं। इस क्षेत्र के कार्यकर्ताओं में उत्साह लाने के लिए यह दौरा शुरू किया गया है। भदरापारा के अलावा सभी क्षेत्रों में दौरा होगा।

## संयुक्त सलाहकार सदस्यों में सक्रियता बढ़ी

कोरबा। एसईसीएल कोरबा पश्चिम में संयुक्त सलाहकार सदस्यों की सक्रियता लगातार बढ़ती जा रही है। मेन पॉवर अधिक होने के कारण सदस्य संख्या बढ़ाने के लिए मेहनत कर रहे हैं। एसकेएमएस के धर्माराव ने इकाईयों ने कार्यकारिणि में फेर बदल किया है।

## वायु प्रदूषण में स्वास्थ्य पर डाला असर

**कोरबा।** बिजली घरों की राखड़ और कोयला खदानों की डस्ट यहां के पर्यावरण पर भारी पड़ रही है। आम लोगों को इसकी कीमत अपने स्वास्थ्य को लेकर चुकानी पड़ रही है जिनका काफी रूपया उपचार पर जाया हो रहा है। कोयलांचल के साथ-साथ दूसरे इलाके वायु प्रदूषण की समस्या से प्रभावित हैं। प्रदूषण का घनत्व बढ़ने के साथ दुष्वारियों में इजाफा हो रहा है। वहीं दूसरी ओर पर्यावरण संरक्षण मंडल उद्योग प्रबंधनों पर आंशिक पेनाल्टी लगाने तक सीमित है। जरूरत इस बात की है कि ठोस कार्रवाई के साथ स्थिति नियंत्रित की जाए।

## उखड़ी सड़कों का सुधार, कब तक टिकेगा यह काम

### अरसे से जनता झेल रही परेशानी

**कोरबा।** गर्मी के सीजन से बदहाल शहर की सड़कों की दुर्गति बारिश के मौसम में और ज्यादा हो गई। अब त्योहारी सीजन को ध्यान में रखते हुए नगर निगम ने सुधार कराने की मानसिकता बनाई है। क्षतिग्रस्त सड़क पर पेंचवर्क कराया जा रहा है। यह काम कब तक टिकाऊ होगा, इस पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं।



नगर निगम ने सोचा है कि अब नागरिकों को कुछ तो राहत दी जाए। इसी इरादे से जर्जर सड़कों को ठीक करने पर रूचि ली गई है। बारिश की विदाई की प्रतीक्षा कुछ दिन से की जा रही थी। अंतिम रूप से सुनिश्चित होने के बाद आंशिक सुधार कार्य की तरफ कदम बढ़ाए गए हैं। नगर निगम इस पर बड़ी राशि खर्च करने की तैयारी में है। पिछले दिनों उसने मसौदा तैयार करने के साथ अगली प्रक्रियाओं को पूरा किया और अब साकेत भवन से काम की शुरुआत की। बारी-बारी से विभिन्न क्षेत्रों की सड़कों को सुधारने का काम दिन और रात में किया जा रहा है। इसके लिए स्थानीय एजेंसी को जिम्मेदारी दी गई है। दीपावली से पहले काम पूरा हो जाए यह तय किया गया है। ऐसा होने पर विभिन्न क्षेत्रों में आवाजाही के दौरान लोगों को सड़कों पर बने उन गड्ढों से मुक्ति मिलेगी जहां पर से चलना मुश्किल हो रहा था और कई मौकों पर गाड़ियां दुर्घटनाग्रस्त हो जाती थी। सड़कों की बदहाली के कारण प्रशासन और नगर निगम की किरकिरी हो रही थी। इसके साथ ही सवाल खड़े हो रहे थे कि आखिर जिन रास्तों से अधिकारी चलते हैं वे बदहाल क्यों हैं।

### नाराजगी जताई थी मंत्री ने, मेयर ने लिखा पत्र

सरकार की नजर में कोरबा आकांक्षी जिला है लेकिन व्यवस्थाएं पटरी से लगातार उतर रही है। इन कारणों से नीतियों पर प्रश्नचिन्ह लग रहे हैं। शहरी क्षेत्र की अधिकांश सड़कों की बुरी स्थिति के चलते लोग जनप्रतिनिधियों पर निशाना साधते रहे। श्रम उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने सड़कों की दुर्दशा पर पिछले दिनों नाराजगी जताई थी। इन सबसे अलग हटकर निगम के महापौर राजकिशोर प्रसाद को आदेश देने के बजाय आयुक्त को पत्र लिखना पड़ा।

## अधिक समय नियोजित करें भगवान की भक्ति में : शुकदेव

**कोरबा।** भिलाई बाजार में आयोजित राठौर परिवार के तत्वाधान मे आयोजित संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा के तीसरे दिन क्षेत्रीय विधायक प्रेमचन्द पटेल कथा श्रवण करने पहुंचे।

भागवताचार्य पंडित शुकदेव महराज ने कपिल अवतार ध्रुव चरित्र सृष्टि की रचना पर प्रकाश डालते हुए कहा कि, मनुष्य जीवन आदमी को बार-बार नहीं मिलता है इसलिए इस कलयुग में दया धर्म भगवान के स्मरण से ही सारी योनियों को पार करता है। और महराज जी मनुष्य जीवन का महत्व समझाते हुए भगवान की भक्ति में अधिक से अधिक समय देने की बात कही, जीवन को सफल बनाने के लिए कथा श्रवण करने से जन्मों का पाप कट जाता है। उन्होनें ध्रुव चरित्र की कथा के बारे में भक्तों को विस्तार से वर्णन करते हुए बताया कि भक्ति में दिखावा नहीं होना चाहिए। उन्होंने जड़ भरत का प्रसंग सुनाते हुए कहा कि, जड़भरत का प्रकृत नाम भरत है, जो पूर्वजन्म में स्वायंभुव वंशी ऋषभदेव के पुत्र



थे। मृग के छौने में तन्मय हो जाने के कारण इनका ज्ञान अवरुद्ध हो गया था जिससे ये जड़भरत कहलाए। श्रीमद् भागवत कथा के मुख्य यजमान लखन लाल राठौर, श्रीमती सरोजनी राठौर, नरेंद्र राठौर, महेंद्र राठौर आरती राठौर हैं कथा श्रवण करने प्रति दिन लोगों की भीड़ बढ़ती जा रही है, श्रीमद् भागवत कथा के तीसरे दिन कथा सुनने चुलेश्वर राठौर जिलाध्यक्ष किसान मोर्चा, मन्नू राठौर हाई स्कूल के प्राचार्य को जीपी जाटवर व्याख्याता एवं, योगेश धीवर सहित डॉक्टर पुरुषोत्तम तिवारी कथा सुनने पहुंचे।












स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com